RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

**सुविचार**

सदैव दूसरों में दोष खोजना
खुद के ही दोषी होने का प्रमाण है।
- के.पी. जाट, भोपाल

हालात और निर्णय गहरे दोस्त हैं-
बहुत बार हालात निर्णय के
कारण बन जाते हैं। कई बार निर्णय
हालात के कारण लेना पड़ते हैं।
- ताहिर अली, भोपाल

जब से लोग बुजुर्गों की इज्जत कम
करने लगे हैं, तब से लोग अपने दामन में
दुआएं कम और दवाएं ज्यादा भरने लगे हैं।
- विजय मालवीय, धार

दैनिक विनय उजाला



वर्ष-09, अंक 301 | उज्जैन, सोमवार ● 18 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली से वर्चुअली देवास में किया सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का भूमि-पूजन

# देवास, उज्जैन, धार क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में किया जा रहा विकसित

### 'वन डिस्ट्रिक्ट - वन स्पोर्टस काम्पलेक्स' अन्तर्गत प्रदेश के सभी जिलों में बनेंगे खेल स्टेडियम

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दिशा में जिस प्रकार कार्य जारी है, उससे प्रदेश के खिलाड़ी विक्रम अवार्ड प्राप्त करने के साथ-साथ एशियाड और ओलंपिक में अवार्ड प्राप्त करने की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं।**

देवास में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम और श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम से कई प्रतिभावान खिलाड़ी प्रदेश व देश को मिले हैं। श्रीमंत तुकोजीराव पवार की जयंती पर देवास को मिल रही सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की सौगात से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। देवास में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमि पूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम से उप मुख्यमंत्री तथा देवास जिले के प्रभारी श्री जगदीश देवड़ा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग वर्चुअली जुड़े। देवास में हुए कार्यक्रम में देवास सांसद श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, विधायक श्रीमती गायत्रीराजे पवार, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास, उज्जैन धार और इंदौर को जोड़ते हुए क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगीकरण की दिशा में राज्य सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। बदलते दौर में इस क्षेत्र की देश में विशिष्ट पहचान होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास में मां तुलजा भवानी और चामुंडा माता दो देवियों का वास है साथ ही क्षेत्र को कैला देवी का भी आशीर्वाद प्राप्त है।



**देवास में 9 करोड़ 18 लाख की लागत बनेगा सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक**

देवास का कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम 10.00 एकड़ भूमि में स्थित है। स्टेडियम में बैडमिंटन के 4 सिंथेटिक कोर्ट, बास्केटबॉल के 2 कोर्ट, 25 मीटर स्वीमिंग पुल, ओपन जिम, साफ्टबॉल और शतरंग खेल के अतिरिक्त महिला आत्मरक्षा के लिए कराते प्रशिक्षण संचालित है। स्टेडियम में एथलेटिक खिलाड़ियों के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्थापना 9 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से की जा रही है, जिसमें 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक 8 लेन की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। खिलाड़ियों के फिटनेस के लिए 26 लाख रुपए के जिम उपकरण भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

### प्रदेश में 114 खेल अधोसंरचना निर्मित, 30 निर्माणाधीन

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 114 खेल अधोसंरचना (स्टेडियम/खेल परिसर/इंडोर हॉल) निर्मित किये गये है, 30 खेल अधोसंरचना निर्माणाधीन है। प्रदेश मंव कुल 8 सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक निर्मित किये गये है। देवास में 9वॉ सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा 3 और एथेलेटिक ट्रैक - इंदौर, रतलाम और छतरपुर में भी स्वीकृत किये गये है। प्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 12 सिंथेटिक हॉकी टर्फ की स्थापना की गई है तथा 6 सिंथेटिक हॉकी टर्फ निर्माणाधीन है। राज्य सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्टस काम्पलेक्स अन्तर्गत सभी जिलों में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जावेगा और मुख्यमंत्री खेल अधोसंरचना योजना के तहत सभी विकासखंडो में खेल स्टेडियम बनाने की योजना है।

## राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने निरंतर कर रही है कार्य : मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से ही सुदृढ़ होगी।**

प्रधानमंत्री मोदी के विचार को साकार करने के लिए राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में 21 नवंबर को एक और इतिहास रचने की ओर प्रदेश अग्रसर है जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे, जो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। इससे उज्जैन और आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। प्रदेश में एम.बी.बी.एस. सीटें भी 720 से बढ़कर 2,575 हो गई हैं। श्योपुर, सिंगरौली, मंडला और राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ छतरपुर, दमोह और बुधनी में स्ववित्तीय अनुदान से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही 12 अन्य जिलों में सार्वजनिक जनभागीदारी नीति के तहत मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से एम.बी.बी.एस. सीटों में 2,000 से अधिक की वृद्धि होगी।

### 592 करोड़ रुपये की लागत से होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण

उज्जैन मेडिकल कॉलेज 14.97 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र 1 लाख 42 हज़ार 34 वर्ग मीटर प्रावधानित है। इसकी कुल लागत 592.3 करोड़ रुपए है। इसमें फायर सेफ्टी के लिए आधुनिक तकनीकों, ऊर्जा दक्षता के लिए एलईडी लाइटिंग, सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल एचवीएसी सिस्टम का उपयोग किया गया है। वर्षा जल संग्रहण और अपशिष्ट जल के पुन-उपयोग के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी प्रावधान किया गया है। मेडिकल कॉलेज में फुट ओवर ब्रिज, ग्रंथालय भवन, सर्विस ब्लॉक, एमजीपीएस ब्लॉक और ईएसएस ब्लॉक की सुविधा शामिल हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का एक आरोपित आकोला में गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के एक आरोपित को मुंबई पुलिस ने रविवार को आकोला जिले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस द्वारा यह 25वीं गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपित सलमानभाई इकबालभाई वोहरा पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में आर्थिक मदद करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार हो गई है. अपराध शाखा के अधिकारियों के मुताबिक, गुजरात के आनंद जिले के पेटलाड के रहने वाले सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को महानगर से 565 किलोमीटर दूर अकोला के बालापुर से गिरफ्तार किया गया।

### मप्र के बालाघाट में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, एक जवान घायल

**बालाघाट (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में रूपझर थाना क्षेत्र की सोनगुड्डा पुलिस चौकी के तहत कुंदुल जंगल में रविवार को दोपहर पुलिस सर्चिंग पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं, जिसमें हॉकफोर्स का एक जवान घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र राज्य के गोदिया रेफर किया गया है। बालाघा के पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच पुलिस को जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों के होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद हॉक फोर्स की टीम ने सर्च अभियान चलाया।




## भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी: जेपी नड्डा

**बोकारो ( हि.स. )। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने घुसपैठ के मामले पर कहा कि भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी। कोई भी बांग्लादेशी आदिवासियों की जमीन नहीं ले पाएगा।**

नड्डा रविवार को बोकरो के गोमिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोशिश कर रही है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के जरिए लैंड जिहाद कर सके। इसमें हेमंत सरकार भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए मदरसों में ठहरते हैं। इनका आधार कार्ड भी बनता है। इसके बाद हेमंत सरकार इन्हें जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। इसमें सिर्फ हेमंत सोरेन ही नहीं कांग्रेस और राजद भी भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। नड्डा ने कहा कि झारखंड में छह लेन का ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगाए जो बनारस से कोलकाता वाया रांची तक जाएगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर बहन को प्रति माह 2100 रुपये दिया जाएगा और लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार आने पर दो लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने आप लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। झामुमो ने पांच साल में झारखंड के आदिवासी राज्य को केवल लूटा है। उन्होंने 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल ओबीसी की बात कर रहे हैं। संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें ओबीसी की बहुत चिंता है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई तो उनकी दिवंगत दादी उस पर क्यों बैठी रहीं और उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को मुझे बताना चाहिए कि उन्होंने केंद्र में वीपी सिंह की सरकार बनने और भाजपा का समर्थन मिलने का इंतजार क्यों किया। भाजपा के समर्थन के बाद ही मंडल आयोग लागू किया गया और ओबीसी को आरक्षण का दर्जा दिया गया।

## मंत्री कैलाश गहलोत ने दिया आम आदमी पार्टी और सरकार से इस्तीफा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने राजधानी में चुनाव से 3 महीने पहले पार्टी और सरकार दोनों से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि पार्टी और सरकार अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है और दिल्ली की जनता के बजाय राजनीतिक एजेंडा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को केवल दो लाइनों में उन्होंने इस्तीफा लिखा है, लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे इस्तीफे में उन्होंने विस्तार से इसके पीछे के कारणों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का स्थान ले लिया है। इसी के चलते जनता को किए गए कई वादे अधूरे हैं।

## झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा पाई-पाई लौटा देंगे : हिमंता बिस्वा सरमा

**गोड्डा ( हि.स. )। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आपकी जो पीड़ा है, वो भाजपा का कष्ट है। हम आपसे वादा करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा आपलोगों को पाई-पाई धन लौटा देंगे।**

सरमा रविवार को महगामा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन बोले थे कि जब लड़कियों की शादी होगी तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा। ये सोने का सिक्का कहां गया। ये सारा सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गए। उनके घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। सोने का सिक्का गरीब को नहीं मिला लेकिन आलमगीर आलम को मिला ताकि ये लोग वोट जिहाद कर सकें। सरमा ने कहा कि 20 तारीख को महगामा में चुनाव होने वाला है। 43 सीटों पर चुनाव हो चुका है। मैं कह सकता हूं कि भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य में आगे बढ़ी है। भाजपा को रोकने में कोई सफल नहीं होगा। सरमा ने कहा कि पिछली जनसभाओं में लोग मुझको आकर कह रहे थे जामताड़ा ,पाकुड़ और साहिबगंज में शुक्रवार को स्कूल बंद होते हैं। क्योंकि, लोगों को नमाज पढ़ना होता है। शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए बंद होते हैं तो मंगलवार को भी हनुमान पूजा के लिए बंद होना चाहिए। इन लोगों के दिमाग में घुस गया है कि हमें एक ही पक्ष का वोट चाहिए। आपका वोट नहीं चाहिए। उनको उन्हीं लोगों का वोट चाहिए जो लोग शुक्रवार को स्कूल बंद करते हैं। सरमा ने कहा कि रामनवमी पर कोई जुलूस निकलना चाहता है तो पुलिस बाधा डालती है। गढ़वा में दुर्गा पूजा का विसर्जन करने नहीं देते। लोहरदगा में विसर्जन करने नहीं देते लेकिन मोहर्रम पर शोभा यात्रा होती है, जुलूस निकलते हैं। डंडा लेकर लोग घूमते हैं। हिंदू भाइयों को पीटा जाता है। पुलिस कुछ नहीं करती है।क्योंकि, इस झारखंड सरकार को खाली घुसपैठियों से प्यार है। हमारे साथ उनका कोई संबंध नहीं है। विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए रूम बना देते हैं। मुस्लिम विधायकों को नमाज पढ़ने के लिए अलग रूम चाहिए तो हिंदू भाईयों को हनुमान चालिसा पढ़ने के लिए अलग रूम नहीं चाहिए क्या। सरमा ने कहा कि संथाल परगना में 1951 में हिंदू 90 प्रतिशत थे लेकिन आज घटकर 67 प्रतिशत हो गए जबकि मुसलमान बढ़कर 31 प्रतिशत हुए। क्या ये देश का मुसलमान है या हमारे देश में घुसपैठिए आ चुके हैं। एनडीए उम्मीदवार आशोक कुमार को जिता दीजिए। घुसपैठियों को चुन-चुनकर हम बाहर निकालेंगे।

## भारत और नाइजीरिया के बीच तीन समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली ( हि.स. )। भारत और नाइजीरिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, सीमा शुल्क सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग पर तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 से 18 नवंबर 2024 तक नाइजीरिया की राजकीय यात्रा पर हैं। आज उन्होंने अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के साथ आधिकारिक वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच एक निजी बैठक हुई, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार वार्ता में दोनों नेताओं ने संबंधों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इस बात पर सहमत जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया को कृषि, परिवहन, सस्ती दवा, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन में भारत के अनुभव की पेशकश की। राष्ट्पति टीनूबू ने भारत द्वारा पेश विकास सहयोग साझेदारी और स्थानीय क्षमता, कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता बनाने में इसके सार्थक प्रभाव की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद, समुद्री डकैती और कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्पति टीनूबू ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट्स के माध्यम से विकासशील देशों की चिंताओं को बढ़ाने के भारत के प्रयासों को स्वीकार किया। दोनों नेताओं ने ग्लोबल साउथ की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

**छतरपुर में बिजावर में 100 मी. तक फैली लपटें, भगदड़ जैसे हालात बने**

# बीच बाजार गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, 38 झुलसे

विनय उजाला

**छतरपुर, निप्र। छतरपुर में बीच बाजार गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 38 लोग झुलस गए। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। 34 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, 4 मामूली घायलों का बिजावर के निजी क्लिनिक पर ही इलाज किया गया।**

घटना रविवार दोपहर ढाई बजे बिजावर के बस स्टैंड पर हुई। घायलों में शामिल एक स्थानीय दुकानदार नीलू बघेल ने बताया कि पेटीज के ठेले पर सिलेंडर से पहले गैस लीक हुई और फिर ब्लास्ट हो गया। घायलों ने बताया कि पेटीज की दुकान में तीन सिलेंडर रखे हुए थे। इनमें से एक फट गया। रविवार को बाजार लगता है इसलिए वहां बहुत भीड़ थी। धमाके के बाद भगदड़ जैसे हालात बन गए। आसपास के 100 मीटर तक के दायरे में लपटें उठीं। कई लोगों ने भागने की कोशिश की, फिर भी जल गए।













## संक्षिप्त समाचार

### बाग प्रिंट में जनजाति महिला ने कुक्षी क्षेत्र का बढ़ाया गौरव



**बाग, निप्र।** कुक्षी जनजाति समाज के विगत 2011 से बाग प्रिंट का कार्य मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सहयोग से कर रही है सेकडी बाई पति अमन मुजाल्दा ग्राम रामपुरा विकासखंड कुक्षी में बाग प्रिंट का कार्य स्वयं द्वारा किया जाता है तथा विभिन्न मेलों में है। बाजारों में अपने बाग प्रिंट शिल्प कला के वस्त्रों को विक्रय हेतु एवं नि:शुल्क बाग प्रिंट का प्रशिक्षण देने वाली जनजाति महिला सेकडी बाई को सम्मान मिलने से कुक्षी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया उनके पति अमन मुजाल्दा को 2013,को भोपाल मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित सृजन मेले मे सम्मानित किया जा चुका है इस कार्य मे पुरा परिवार अपना व कई परिवारो को ग्राम मे ही रोजगार उपलब्ध करा रहा है जनजाति गौरव दिवस धार मे महामहिम राज्यपाल मंगूभाई जी पटेल व माननीय मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। यूं तो बाग प्रिंट हस्त कला विश्व भर में प्रसिद्ध है जो मूल रूप से इस कला में पारंगत हैं वर्षो से इस कार्य को कर है वे शासन के सम्मान से दुर थे किंतू एक लंबे समय बाद ही सही जनजाति गौरव दिवस पर बाग प्रिंट के लिए वास्तविक कार्य करने वाली जनजाति महिला का सम्मान करना ही जनजाति गौरव दिवस मनाने का कार्य सार्थक हुआ।

### मुख्य चौराहे पर लगता जाम निदान है सिर्फ भार वाहन की नो एंट्री या मार्ग का परिवर्तन



**धामनोद, निप्र।** नगर के महेश्वर चौराहा पर प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित होती है भंग हुई यातायात व्यवस्था से लोग परेशान होते नजर आते हैं कोई सोशल मीडिया पर भड़ास निकलता है तो कोई प्रशासन के ऊपर कटाक्ष करता है लेकिन दरअसल चौराहे पर जाम लगने का मुख्य कारण एक साथ वाहनों का आ जाना है जिसका हल नहीं किया जा रहा है प्रतिदिन यहां जाम की स्थिति निर्मित होती है। कृषि उपज मंडी में दो बार नीलामी बोली का कार्य जारी है करीब 500 वाहन प्रतिदिन नीलामी बोली में उपज लेकर मंडी में विक्रय के लिए आ रहे वहीं स्कूल की बसों का आने जाने का समय भी लगभग एक जैसा ही है जब सारे वाहन एक साथ में एकत्रित होते हैं तो चौराहे पर जाम लग जाता है ऐसा यंहा प्रतिदिन हो रहा है। यहां प्रतिदिन बड़े-बड़े भर वाहन भी महेश्वर ओंकारेश्वर की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग इसी चौराहे से करते है ऐसे में जब बड़े भार वाहन महेश्वर की ओर मुड़ते है तो परेशानी का सामना उठाना पड़ता है विगत कई वर्षों से महेश्वर ओंकारेश्वर जाने का मुख्य मार्ग भी यही है इसके अलावा कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है जब चौराहे पर स्कूल के वाहन भार वाहन और मंडी में आए हुए वाहन एक साथ आ जाते हैं तो जाम लग जाता है वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यदि धामनोद से महेश्वर ओंकारेश्वर जाने वाले भारी वाहनों नगर प्रवेश का समय प्रतिबंधित किया जाए या मंडी के नीलामी के समय नो एंट्री घोषित की जाए तब जाकर जाम से निजात मिल सकती है फिलहाल धामनोद में ऐसी कोई योजना भी नहीं है कि बाईपास से भारी वाहनों को महेश्वर ओंकारेश्वर की ओर भेज दिया जाए।

# सिंघाना बस स्टैंड चढ़ रहा अतिक्रमण की भेंट, धृतराष्ट्र बन बैठे अधिकारी

## पंचायत के अफसरों की उदासीनता विकास के पहिए को लगा रही ब्रैरेक, मुख्य बस स्टैंड मेन रोड पर रोजाना लग रहा जाम, पंचायत-प्रशासन कर रहा अनदेखा

आकाश पांडे

**सिंघाना। मुख्य बस स्टैंड सिंघाना व मेन रोड पर रोजाना लग रहा जाम पंचायत-प्रशासन कर रहा अनदेखा वैसे तो यह ग्राम कई समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन अतिक्रमण को लेकर आज बहुत चर्चा में रह रहा है।**

स्थानीय नागरिको सहित बाहर से आने-जाने वाले लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार ग्राम पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन वर्षो से चली आ रही समस्याओ को गंभीरता से नहीं लेने के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्राम सिंघाना तीन तहसीलों को जोड़ने वाला ग्राम है जो एक नगर बनने की चाहत रखता है। लेकिन ग्राम सिंघाना का मनावर से चीखल्दा रोड कहे या मनावर से कुक्षी रोड कहे जहा मुख्य मार्ग पर कोई दिन बाकी नहीं रहता कि इस मार्ग पर जाम नही लगा एवं कभी-कभी तो जाम ऐसा लग जाता कि 108 जननी एंबुलेंस को भी जाम का सामना करना पड़ता है। जाम लगने का मुख्य कारण है बस स्टैंड के बाहर मेंन रोड पर कई बड़ी होटल व बड़ी थोक की दुकाने है जो रोड से सटी हुई है एवं उनके बाहर पार्किंग की कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं है। जहां रोड पर ग्राहक अपने वाहन खड़े कर कर अपना सामान लेते हैं। साथ ही साथ रोड के दोनो ओर लोडिंग वाहन व रिक्शे खड़े कर दिए जाते हैं। जिसको लेकर आए दिन वाहन चालक और वहा की स्थानीय दुकानदार की तू तू मैं में होती रहती है।दुकानों के फ्लेक्स बैनर एवं टीन सेट भी रोड से सटे हुए रहते हैं।उसे वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन कई बार समझाइए देने के बाद भी कोई फर्क नही पड़ रहा है। अब केवल ठोस चालानी कारवाही की जरुरत है। कई बार दुकानदारों ने भी ग्राम पंचायत सिंघाना व पुलिस चौकी पर लिखित तौर पर आवेदन दिया है और आश्वासन भी दिया जाता है कि जल्द ही कार्रवाई कर दुकानों का अतिक्रमण को हटाकर यातायात को सुचारू करेंगे लेकिन करवाई केवल कागज व आवेदन तक सीमित रह जाती है और आए दिन ऐसा ही जाम लगता रहता है वह आने जाने वालों को काफी तकलीफ होती है।









### स्वच्छ और सुंदर बताने के दावे फेल

गावों को साफ स्वच्छ और सुंदर के साथ साथ स्मार्ट बताने के लिए दावे हो रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत के अफसरों की उदासीनता विकास के पहिए को आगे बढ़ने नहीं दे रही है।जी हा हम बात कर रहे ऐसे ग्राम की जिसके विकास के नाम का बिगुल पूरे मध्य प्रदेश में सुनाई देता है।जो विकास में अव्वल है लेकिन स्वच्छ और सुंदर में कहीं न कहीं पीछे होता जा रहा है।बस स्टैंड स्थित देखे तो सुलभ काप्लेक्स छोटा होने के साथ व्यवस्थित नहीं है।यहा हमेशा गंदगी पसरी रहती है।शौचालय भी जनसख्या की दृष्टि से छोटो पड़ता है।लघुशंका के बाद हाथ धोने तक के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है।यहां सर्वसुविधायुक्त आधुनिक व बड़े सुलभ काप्लेक्स की दरकार है।ग्राम सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बाजार में खरीदी करने आते-जाते रहते हैं, जिन्हें उचित स्थानों पर शौचालय नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।महिलाओं को ज्यादा समस्या होती है।साथ ही साथ शुद्ध पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगा हुवा जो अधिकांस बंद व गंदगी पसरी रहती है

### बस स्टैंड छोटा, अतिक्रमण मोटा

ग्राम सिंघाना के बीचों बीच बसे मुख्य बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना- जाना लगा रहता है। इंदौर, बड़वानी सहित अन्य शहरों से आने वाली बसे बस स्टैंड से होकर ही जाती हैं। तीन तहसील और धार और बड़वानी जिले की मुख्य मार्गो से जुड़ा होने के कारण 100 से अधिक बसों का आना- जाना लगा रहता है। बसों व यात्रियों की अधिकता के कारण बस स्टैंड छोटा पड़ता है।जिसके कारण कुछ बसे बाहर मेंन रोड पर खड़ी कर के सवारी का इंतजार करते हैं। साथ ही साथ इंदौर इंदौर अलीराजपुर नॉन स्टॉप बसे भी में रोड पर खड़ी करके सवारी वी पार्सल उतरते हैं जिसे जाम लगने की संभावना अधिक हो जाती है। साथ ही साथ बस स्टैंड चारों ओर से अतिक्रमण से घिरा होने के कारण समस्या और अधिक बढ़ जाती है। बस स्टैंड से ही झंडा चौक आने का मुख्य मार्ग है। और मेन मार्केट से भी जुड़ा हुआ है। बस स्टैंड पर साफ स्वच्छ यात्री प्रतीक्षालय व शौचालय की कमी है, तो पेयजल के साथ अन्य सुविधाओं की दरकार है। बस स्टैंड के आसपास मौजूद दुकानों के साथ ही हाथ ठेले खड़े होने से यात्रियों के साथ ही बसों को आवागमन में काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। उक्त समस्या का समाधान करने के लिए कई बार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई भी गई, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है। अब ठोस कारवाही कर बस स्टैंड को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दरकार है।

नगर के बीचो-बीच बसे बस स्टैंड जो आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा है। बस स्टैंड पर सुविधाजनक यात्री प्रतीक्षालय भी बना हुआ है लेकिन यात्री प्रतीक्षालय भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ा हुआ है जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियां आती है। यात्रीगण दुकानों के बाहर धूप में खड़े रहकर बस का इंतजार करते हैं यात्रियों में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं भी परेशान होते हैं खासकर जब गर्मी का मौसम रहता है तब भारी धूप में भी बच्चे स्कूल बैग लिए बस स्टैंड पर खड़े दिखाई देते हैं। साथ ही साथ बस स्टैंड के अन्दर नए भवन का निर्माण भी पहले के भवन व रजिस्ट्री के क्षेत्रफल की सीमा लाघ कर बनाए गए हैं। जिसको पंचायत के अधिकारी देखकर भी अंन देखा कर रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि अधिकारी धृतराष्ट्र बन बैठे हैं।

#### इनका कहना

*हमने पहले भी कई बार निवेदन के साथ साथ अतिक्रमण हटवाया हे ओर समझाया है, लेकिन अब अवैध अतिक्रमण पर जल्द सख्त कार्वाई करेंगे।*

**-राकेश चौहान सचिव, ग्राम पंचायत सिंघाना**

## अमलाल में नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ

विनय उजाला

**डही, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डा रमेशचंद्र मुवेल के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बड़वान्या द्वारा गत दिनों विकासखंड डही के ग्राम अमलाल के देवझिरी में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन सरपंच विजय सिंह अखाड़े द्वारा भगवान धन्वंतरि को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।? शिविर में डा घनश्याम मीणा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बड़वान्या द्वारा 115 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधी वितरण के साथ ही आयुर्वेद



चिकित्सा का महत्व बताते हुए योग करने का भी परामर्श दिया गया। साथ ही आयुर्वेद अनुसार दिनचर्या, ऋतुचर्या आदि का भी महत्व बताया गया। शिविर को सफल बनाने में गांव के वरिष्ठ नागरिक मंगू चोएल,रमेश, पवन, मंदिर के महात्माजी, अनिता रावत, हीरालाल डावर, बनछा चौंगढ़, रामू मुजाल्दा, मंजूबाला गडरिया, मंजू गहलोत एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

विनय उजाला

**धार, निप्र।** राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा अपनी लम्बीत मांग के निराकरण हेतु मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया को निवास पर ज्ञापन भेंट किया. जिसमें प्रमुख मांग संविदा पर्यवेक्षकों का ईपीएफ काटने एवं नियमित किया जाए. वर्ष 2007 ओर 2010 में विभाग ने स्थाई पद के विरुद्ध संविदा पद निकला जो कि न्यायसंगत नहीं हे पर्यवेक्षकों को नियमित करने के लिए अन्य विभाग जैसे शिक्षा विभाग में सांवलियन शब्द का प्रयोग किया जाता है।



वैसे ही महिला बाल विकास विभाग संविदा पर्यवेक्षक को विभागीय सांवलियन करवा दिया जाए, सरकार द्वारा 2 बार संविदा नीति लागू की गई 5/6/2018 एवं 22/7/2023 परन्तु विभाग द्वारा आज दिनांक तक नीति का पूर्ण पालन नहीं किया गया हे ईपीएफ लागू किया जाए, संविदा पर्यवेक्षकों का 6 वर्ष का नुकसान हुआ हे अत: महोदया से निवेदन हे कि संविदा पर्यवेक्षक बहनों को नियमित किया जाए और उन्हें पेंशन का लाभ मिले. संविदा पर्यवेक्षक बहने इतने वर्षों की सेवा प्रदान करने के बाद उन्हें इस पड़ाव पर बेसहारा न छोड़ा जाए. वहीं नियमित पर्यवेक्षको की वेतन विसंगति दूर की जाए ,ग्रेड पे 2400 से बढ़कर 3600 किया जाए , नियमित पर्यवेक्षक एक ही पद पर 34 वर्ष तक सेवा देने के बाद भी उसी पद पर सेवानिवृत हो जाती हैं. लेकिन पदोन्नति नहीं होती परियोजना संवयक पद शासन पहले ही समाप्त कर चुकी लेकिन सांख्यिकी अधिकारी के पद पर भी अन्य विभाग से आए कर्मचारियों की न्युक्ति कर रहे हे जबकि पर्यवेक्षक योग्य ग्रेजवेट पोस्ट ग्रेजवेट भी हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति का लाभ आज तक नहीं मिला. यात्रा भत्ता की राशि फिक्स कर दी जाए,ओर विभागीय पदोन्नति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा मिनी कार्य करता को नियमित किया जाए एवं शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए एवं सासकिय कर्मचारियों के समान वेतन मान लागु किया जाए एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगों के निराकरण हेतु मंत्री ने जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वासन दिया है। इस दौरान संरक्षक बी, आर, चौहान के नेतृत्व में पर्यवेक्षक संघ की अध्यक्ष राखी देवड़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की अध्यक्ष रानी जायसवाल, माधुरी पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डही सहित जिले से 5 शिक्षकों का हरियाणा में हुआ सम्मान

**डही, निप्र।** शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत के तत्वावधान में राष्ट्रीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में आयोजन हुआ। जिसमें पूरे देश के 20 राज्यों से 155 शिक्षक- शिक्षिकाओं का चयन इस शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान हेतु किया गया था। जिसमें मध्यप्रदेश से धार जिले के दो शिक्षक एवं तीन शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। विकासखंड डही से नारायण गर्ग, विकासखंड गंधवानी से डाली मिश्रा, विकासखंड बाग से राधा शर्मा, विकासखंड निसरपुर से माया राठौर, विकासखंड मनावर से राजेश बैरागी का सम्मान किया गया। शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत ने इन नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं शिक्षा में नवाचार करने, शिक्षण कार्य को सरल, सहज, मनोरंजक शिक्षा देने के लिए सम्मानित किया गया ।विकासखंड डही के शिक्षक नारायण गर्ग के सम्मानित होने पर बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, बीआरसी मनोज दुबे, बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष सरूपचंद मालवीया सहित विकासखंड के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

## बिछड़ा कुछ इस अदा से की रुत ही बदल गई, एक शख्स पूरे शहर को विरान कर गया

### पठान की तीसरी बरसी, पर याद किया परिजनों ने

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर की एक ऐसी शख्सीयत जिसने सभी समाजजनों में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। आज वही पहचान इन पक्तीयो पर बयां होती है। बिछडा कुछ इस अदा से की रुत ही बदल गई,एक शख्स पुरे शहर को विरान कर गया।

उर्स कमेटी के नायब सदर एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जमील अहमद पठान की तीसरी बरसी पर परिजनों ने उन्हें याद किया एवं उनके जिवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की जमील पठान, पठान परिवार की आन बान शान रहे हैं । आज भी परिवार में ओर समाज में उनकी कमी खलती है । पठान के कार्यों को ओर उनकी मीलनसारी को सदियों याद रखा जाएगा । पठान की तीसरी बरसी पर रविवार को परिजनों ने उनकी कब्र पर जाकर फूल पेश करते हुए फातिहा पड़ी और उनकि मगफिरत कि अपने रब से दुआ की इस दोरान पठान के छोटे भाई शराफत खान पठान, सलाम सलाम खान पठान, सरफराज खान पठान,शहजाद खान भारती,मन्नान खान पठान, एहजाज खान पठान, वाला खान पठान, बड़ा लड़का निसार खान पठान, शाहनवाज खान पठान, बादशाह खान पठान, साहेब पठान, राजा पठान, सोहेल पठान,सकलेन पठान शहीद खान पठान आदि ने दुआए की।



### चेतन्य ग्राम बदनावर स्थित काश्यप विद्यापीठ का 27वां वार्षिकोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मना, बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी

# काश्यप विद्यापीठ कर रहा है बच्चों का सर्वांगीण विकास : केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र। चेतन्य ग्राम बदनावर स्थित काश्यप विद्यापीठ का 27वां वार्षिकोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मना। इसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिन्हें देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। विद्यार्थियों ने स्वागतम गीत प्रस्तुत किया।**

अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों और कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर रही। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा स्कूल के चेयरपर्सन चेतन्य काश्यप, धार भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, खेड़ा सरपंच योगेश मुकाती, न्यायाधीश सीमा धाकड़, एसडीएम दीपक चौहान, तहसीलदार सुरेश नागर, नायब तहसीलदार सुनील पड़ियार, एसडीओपी अरविंद तोमर, शेरसिंह भूरिया, टी आई अमीत सिंह कुशवाह, रतलाम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा के साथ निर्णायक के रूप में श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल की प्राचार्य डॉ रेखा शास्त्री एवं सीएम राइज विनोबा स्कूल के वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर, विद्यालय संचालिका नीता काश्यप, कश्यप स्वीटनर्स के कार्यकारी निदेशक राजीव गोरवाड़ा, संस्था समन्वयक विपिन जैन, संस्था प्राचार्य नंदा व्यास आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि जैसे नदी का प्रवाह सही दिशा में मोड़ने पर बहता है, ठीक वैसे ही बच्चों का जीवन होता है। शिक्षक का दायित्व है कि बच्चों को तराश कर रुचि के अनुसार उन्हे शिक्षित करें। जरूरी नहीं कि हर बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े, कोई खेल में तो कोई किसी अन्य विधा में भी आगे आ सकता है, बस उसकी कला को पहचान कर सही दिशा देने की जरूरत है। शिक्षक की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। काश्यप विद्यापीठ बच्चों के सर्वांगीण विकास का काम कर रहा है। बच्चों को संस्कारी बनाने के लिए स्कूल में शिक्षक तो घर पर पालकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। आज टीवी, मोबाइल, व्हाट्सएप, फेसबुक में उलझ कर बच्चे समय की बर्बादी कर रहे हैं, माता-पिता को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में सभी के योगदान की आवश्यकता है। विद्यालय के चेयरपर्सन एवं मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि प्राचार्य एवं शिक्षकों के माध्यम से स्कूलों को संस्कारशाला के रूप में बदला जाता है। शिक्षा के संस्थान सिर्फ विद्यालय न रहे और संस्कार के केंद्र बने। ऐसे आयोजनों में बच्चों को किस तरह से संस्कार दिए जा रहे हैं, उसका प्रदर्शन होता है। प्राचीन भारतीय परंपरा में गुरु, शिष्य के संपूर्ण विकास का ध्यान रखते थे। लेकिन अंग्रेजों के शासनकाल में जो नीतियां आई, उन्होंने हमारे संस्कारों को रोका है। विद्यालय के माध्यम से हमने नियमित प्रयास किया है कि बच्चों में संस्कारों के विकास को आगे करें। श्री काश्यप ने कहा कि संस्कारों के विकास में पालकों की एक बड़ी भूमिका है। बच्चे 5 से 6 घंटे स्कूल में, तो 17 से 18 घंटे परिवार में रहते है। राजगढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर के पालकों के लिए जिस तरह कोर्स बनाया गया है, भविष्य में हम भी उसे लागू करेंगे, ताकि बच्चे और अधिक संस्कारवान बनकर नई उपलब्धियां प्राप्त करें और धार जिले व बदनावर क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें। कार्यक्रम में श्री काश्यप के पौत्र सारांश काश्यप ने अपने तबला वादन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। निर्णायक वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर एवं प्राचार्य रेखा शास्त्री ने कहा यह प्रोग्राम कभी ना भुलाए जाने वाले कार्यक्रमों में से एक है। श्रीमती काश्यप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से बच्चों के समग्र विकास पर विश्वास रखता आया है और सदैव छात्रों को न केवल एक अच्छा विद्यार्थी बल्कि एक बेहतरीन व्यक्तित्व बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।






### अच्छी प्रस्तुतियों पर यह हुए पुरस्कृत

सब जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार कक्षा एक को चल मेरे घोड़े टिक, टिक, द्वितीय पुरस्कार एलकेजी कक्षा को अक्कड़-बक्कड़ बंबे बो को मिला।बेस्ट आर्टिस्ट सब जूनियर ग्रुप में नर्सरी की अधिश्री गोस्वामी, द्वितीय यूकेजी के रिदम जैन, तृतीय कक्षा एक की वैष्णवी अग्निहोत्री को मिला।सांत्वना पुरस्कार एलकेजी के भौमिक जायसवाल और यूकेजी के इवांशी मूणत को मिला। जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार कक्षा दूसरी को स्कूल नहीं जाना मम्मा, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 5 को छोटे-छोटे तमाशे, बेस्ट आर्टिस्ट कक्षा 3 के प्रांजन रॉय, कक्षा 2 के भव्य पाटीदार, कक्षा 4 के पूर्वी कोल्ते, सांत्वना पुरस्कार कक्षा तीन की आरीनी पाटीदार और कक्षा चौथी के देवम जैन को मिला।जूनियर ग्रुप 2 में प्रथम पुरस्कार तारों में सजके, द्वितीय पुरस्कार आई झुमके वसंत, बेस्ट आर्टिस्ट जूनियर ग्रुप 2 का पहला पुरस्कार संस्कृति पाटीदार, द्वितीय लक्ष्य नाहर, तृतीय अनन्या शर्मा, सांत्वना पुरस्कार नैतिक पाटीदार एवं स्वरा संघवी को मिला।सीनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार रैंबो डांस, द्वितीय पुरस्कार शुभारंभ गीत को मिला।बेस्ट आर्टिस्ट में प्रथम लावण्या पालीवाल, द्वितीय मिस्ठी संघवी, तृतीय भव्यम काबरा, सांत्वना पुरस्कार आर्यन वर्मा एवं प्रतीक्षा शर्मा को मिला।बेस्ट आर्टिस्ट में इंडिविजुअल पुरस्कार प्रथम आंचल शर्मा, द्वितीय तृषा नांदेचा, तृतीय श्रीवृंदा कसेरा, सांत्वना पुरस्कार नैंसी सराफ एवं हर्षिता वास्केल को मिला।बेस्ट ड्रामा आर्टिस्ट में प्रथम पुरस्कार प्रांजल सिसोदिया, द्वितीय अनुष्का मोरे, तृतीय मनस्वी मोदी, सांत्वना पुरस्कार सान्वी पटवा एवं यशवी जैन को मिला।

# पर्यटकों का स्वर्ग, भारत का आध्यात्मिक हृदय मध्यप्रदेश

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश, जिसे भारत का हृदय कहा जाता है, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत का एक समृद्ध ताना-बाना है, जिसमें कई ऐसे स्थल हैं जो तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में, राज्य सरकार इन स्थलों को बढ़ाने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जो राज्य की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान सरकार की पहली वर्षगांठ, 13 दिसंबर के अवसर पर, सरकार मौजूदा धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और मध्यप्रदेश को धार्मिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए नए आध्यात्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।**

मध्यप्रदेश के विविध धार्मिक परिदृश्य में हिंदू, जैन, बौद्ध और इस्लाम सभी शामिल हैं, जो आध्यात्मिक साधकों के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य है। हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से उज्जैन में महाकाल महालोक के सफल शुभारंभ के बाद। महाकाल महालोक में आगंतुकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जो आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के उत्प्रेरक के रूप में धार्मिक पर्यटन की क्षमता को रेखांकित करता है। डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने पूरे राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और संवर्धन को प्राथमिकता दी है। इस पहल का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है, बल्कि आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाना भी है। महाकाल महालोक इन प्रयासों का केंद्र बिंदु है, जिसे महाकालेश्वर मंदिर के आसपास एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह पुनर्विकास प्रबंधन को बेहतर बनाता है और इस ऐतिहासिक स्थल के आध्यात्मिक वातावरण को समृद्ध करता है। प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों का उनकी परम्पराओं के अनुरूप विकास किया जा रहा हहै। सलकनपुर में देवी लोक को शक्ति मंदिर स्थल के रूप में विकसित किया गया है, ताकि सुगमता से देवी दर्शन के साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुँच और सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँ। छिंदवाड़ा में श्रीहनुमान लोक भगवान हनुमान का उत्सव मनाएगा, जिसमें भक्तों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक वातावरण बनाया जाएगा। ओरछा में रामराजा लोक भगवान राम का सम्मान करेगा और अध्यात्म और इतिहास दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करेगा। सागर में संत रविदास लोक के पुनरुद्धार का उद्देश्य संत रविदास की विरासत का सम्मान करना है, ताकि उनके अनुयायियों और उनकी शिक्षाओं में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। जबलपुर में रानी दुर्गावती स्मारक और रानी अवंतीबाई स्मारक जैसे ऐतिहासिक स्थलों को भी उनके सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए बढ़ाया जा रहा है, साथ ही इतिहास और अध्यात्म दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, अमरकंटक में माँ नर्मदा महालोक में आगंतुकों की सुविधाओं को बढ़ाने और इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देने के लिए सुधार किए जा रहे हैं। सरकार खरगोन में देवी अहिल्याबाई लोक, बड़वानी जिले में नागलवाड़ी लोक जैसे नए आध्यात्मिक स्थलों को विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें शांत वातावरण बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ग्वालियर में जाम सावंली हनुमान लोक में भगवान हनुमान की शक्ति और भक्ति का पर्व मनाया जाएगा, वहीं जानापाव जिसे भगवान परशुराम की जन्म स्थली के रूप में जाना जाता है, वहां परशुराम लोक विकसित किया जाएगा, जिसमें भगवान परशुराम को समर्पित एक नया मंदिर बनाया जाएगा, जहां आगंतुकों के लिए विभिन्न सुविधाएँ भी होंगी। इस परियोजना में नर्मदा जल को लाना और आसान पहुँच के लिए रोपवे का निर्माण करना भी शामिल है। दतिया में मां पीतांबरा लोक, देवी पीतांबरा को समर्पित एक और महत्वपूर्ण स्थल है। रतनगढ़ में माता मंदिर लोक देवी दुर्गा को समर्पित एक प्रतिष्ठित मंदिर के साथ एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल भी बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की संभावनाओं को पहचानते हुए, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वैश्विक बाजारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। स्थानीय जनजातियों के लिए सब्सिडी के साथ ग्रामीण होम-स्टे को बढ़ावा देने जैसी पहल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अच्छे आवास का अनुभव भी प्रदान करती है। मध्यप्रदेश द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए गये ये नवाचार जैसे-जैसे समय के साथ आगे बढ़ते हैं, वे न केवल पर्यटन में वृद्धि के माध्यम से आर्थिक विकास का वादा करते हैं, बल्कि भारत की विविध धार्मिक परंपराओं के बीच शांति की तलाश करने वाले आगंतुकों के लिए एक समृद्ध आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। इसमें सरकार की प्रतिबद्धता इस समझ को रेखांकित करती है कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने से मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक विकास दोनों में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। मध्यप्रदेश सरकार वृंदावन ग्राम योजना भी प्रारंभ करने जा रही है, जिसके अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों को ग्रामीण विकास में बढ़ावा देने वाले आदर्श गांवों में बदला जायेगा है। प्रत्येक चयनित गांव में स्थानीय डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देते हुए गायों की सुरक्षा के लिए गौशालाएँ बनाई जाएँगी। शहरी मध्यप्रदेश के आध्यात्मिक परिदृश्य को और समृद्ध बनाने के लिए, सभी शहरी निकायों में गीता भवन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। ये केंद्र भगवदगीता और अन्य शास्त्रों की शिक्षाओं को फैलाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, साथ ही आध्यात्मिक शिक्षाओं से संबंधित साहित्य तक पहुँच प्रदान करेंगे। लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं में सरकार का लगभग 2,200 करोड़ का निवेश होगा, जो मध्यप्रदेश की धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## संक्षिप्त समाचार

### 200 करोड़ की लागत से गोविंदपुरा क्षेत्र में दुरुस्त होगा सीवेज नेटवर्क: राज्यमंत्री श्रीमती गौर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र में 200 करोड़ रुपए लागत के सीवेज दुरुस्ती के कार्य कराए जाएंगे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर रविवार को गोविंदपुरा के वार्ड क्रमांक 54 में आयोजित विकास कार्यों के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने लगभग 60 लाख रुपए की लागत से होने वाले कई निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। जनता की आवश्यकता को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अमृत योजना के जरिए 200 करोड़ रुपए की लागत से सीवेज लाइन के निर्माण का कार्य गोविन्दपुरा क्षेत्र में शुरू होने जा रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किए जाए तो कोई भी परेशानी नहीं आती। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में जहां कहीं भी पानी की पाइप लाइन में कम दबाव से पानी आता है ,उसे तुरंत दुरुस्त किया जाए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने वार्ड क्रमांक 54 के साकेत नगर 9-बी के एकता पार्क में बाउंड्रीवॉल, ओपन जिम और बीयू बाउंड्रीवॉल से एमराल्ड पार्क सिटी तक सीवर लाइन निर्माण का भूमि-पूजन किया। इसके साथ 9-ए साकेत नगर के अटल पार्क में बैठक के लिए शेड, गेट और एक्यूप्रेशर पाथ-वे का भूमिपूजन किया। आदर्श एकता उद्यान में बाउंड्रीवॉल पर खूबसूरत पेंटिंग और पार्क का विकास करने के निर्देश दिए। बर्फानी धाम में पार्क के सौंदर्यकरण के लिए 7 लाख रुपए लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन भी किया। साथ ही वार्ड क्रमांक 55 में बागमुगलिया एक्सटेंशन में रोड के निर्माण का भूमि-पूजन किया। पार्षद जितेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र परिहार, सुश्री शीला पाटीदार, सुश्री अर्चना परिहार, किशोर पटेल, सुश्री मोना ठाकुर, प्रदीप पाठक, एनके तिवारी, ओपी तिवारी, सुश्री मीनू सोलंकी, लखन सिंह, रामबाबू पाटीदार, राहुल सिंह, प्रदीप पाठक उपस्थित थे।



# मप्र पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाया सख्त अभियान, 167 आरोपित किए गिरफ्तार

### तीन दिनों में 1,800 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त, प्रदेश को अवैध नशामुक्त बनाने का संकल्प







विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के तहत प्रदेश को अवैध नशामुक्त बनाने के लिए प्रदेश की पुलिस ने व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया है। डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देशन में 14 नवंबर से प्रारंभ हुए इस प्रदेशव्यापी विशेष अभियान ने न केवल अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर बड़ी चोट पहुंचाई है, बल्कि आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का संदेश भी दिया है।**

तीन दिनों की इस कार्रवाई में पुलिस ने 1,800 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इस दौरान कुल 167 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और 16 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी आशीष शर्मा ने रविवार को बताया कि इस अभियान का पहला दिन (14 नवंबर) ही बेहद प्रभावशाली रहा। मात्र आठ घंटों में पुलिस ने 10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 700 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किए। प्रमुख स्थानों पर की गई कार्रवाइयों में भोपाल में 8.4 किलोग्राम चरस, खरगोन के चैनपुर में 478 किलोग्राम गांजा, सिवनी के धनौरा में 80 किलोग्राम गांजा, छिंदवाड़ा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में 42.1 किलोग्राम गांजा और नीमच जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में 60 किलोग्राम डोडाचूरा की जब्ती शामिल है। इन कार्रवाइयों में 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और 11 वाहनों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान का दूसरा दिन (15 नवंबर) भी उतना ही प्रभावशाली रहा। पुलिस ने इस दिन 144.7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक और 146.53 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। साथ ही 126 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। यह दिन दिखाता है कि पुलिस ने न केवल बड़े आपराधिक गिरोहों पर प्रहार किया है, बल्कि छोटे पैमाने पर मादक पदार्थों के वितरण में शामिल अपराधियों पर भी शिकंजा कसा है। अभियान के तीसरे दिन (16 नवंबर) पुलिस ने 161 स्थानों पर छापेमारी की और 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ बरामद किए। प्रमुख कार्रवाइयों में खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322.43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200.3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी में 157.9 किलोग्राम गांजा और देवास जिले में 105.394 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। तीसरे दिन की कार्रवाई में 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और अवैध परिवहन में प्रयुक्त 5 वाहनों को जब्त किया गया।

#### संवेदनशील क्षेत्रों में सघन तलाशी और सख्त कार्रवाई

पुलिस ने इस अभियान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सघन तलाशी अभियान चलाया। अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, परिवहन और वितरण में संलिप्त आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने न केवल अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी की, बल्कि इनसे जुड़े संगठित गिरोहों को भी तोड़ने में सफलता प्राप्त की।

#### अभियान के परिणाम और उद्देश्य

इस अभियान के तहत अब तक 1,800 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं, जिसमें 920.673 किलोग्राम गांजा, 37.58 ग्राम स्मैक, 649 ग्राम ब्राउन शुगर, 60 किलोग्राम डोडाचूरा और 61 ग्राम एमडी शामिल हैं। कुल 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 16 वाहन जब्त किए गए। अभियान का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, परिवहन और वितरण पर रोक लगाना है, साथ ही समाज को इस बुराई के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है।

## थाना अयोध्यानगर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, रायल इनफील्ड सहित 4 दो पहिया वाहन चोरी का खुलासा, रायसेन में बेचने की फिराक में थे, चार लाख के वाहन जब्त

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** शहर में हो रही वाहन चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं वाहन चोरों धरपकड हेतु भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी द्वारा लगातार दिशा निर्देशा दिये जा रहे है।



उक्त दिशा निर्देश के तारतम्य में पुलिस उपायुक्त जोन-02 संजय कुमार अग्रवाल द्वारा जोन स्तर पर अभियान चलाकर थाना प्रभारियों को वाहन चोर को गिरफ्तार करने एवं वाहन बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन में अति. पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त एम.पी. नगर संभाग अक्षय चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश लिल्हारे के नेतृत्व में गठित टीम ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उससे 04 चोरी की मोटर सायकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुये लगभग 4.5 लाख रुपये कीमत का मशरूका (04 मोटर साईकिल) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। क्षेत्र में विगत दिनो हुई वाहन चोरी की घटना को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस उपायुक्त जोन-2 संजय कुमार अग्रवाल द्वारा अभियान चलाकर वाहन चोर पकडने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालने थाना अयोध्यानगर में थाना प्रभारी के नेतृत्व गठित टीम द्वारा विगत दिनो चोरी हुई रायल इनफील्ड (बुलेट) गाडी को रायसेन क्षेत्र में बेचने जा रहे संदिग्ध आरोपी पवन कठोतिया पिता चमन कठोतिया उम्र 20 साल निवासी काकडा क्रेसर बस्ती अयोध्या नगर को उक्त बुलट मोटर सायकिल सहित अरहेडी के पास पकड़ा।

## मध्यप्रदेश में तेजी से बढ़ रहा ठंड का असर, नवंबर में पिछले साल से भी सर्द राजधानी, इंदौर, जबलपुर में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश में तेजी से सर्दी का असर बढ़ रहा है। सुबह और रात सर्दी का असर सबसे ज?यादा है। राजधानी भोपाल और जबलपुर में तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे है। भोपाल की रातें पिछले साल से ज्यादा सर्द हैं। वहीं, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। उत्तरी हिस्से यानी ग्वालियर-चंबल संभाग में ठंड का असर ज्यादा बढ़ेगा। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पहाड़ों में जेटस्ट्रीम चलने की वजह से ऐसा मौसम बन रहा है।

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में 20 नवंबर तक शीतलहर चलेगी। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। जबकि पचमढ़ी-अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे। साथ ही कोहरा भी नजर आएगा। इसकी वजह उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेटस्ट्रीम का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही हैं। इस वजह से शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। पिछले 3 दिन से भोपाल समेत कई जिलों में सुबह 8 बजे तक कोहरा देखने को मिल रहा है। वहीं, पचमढ़ी में दिन-रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। नवंबर महीने में यहां की रातें सबसे सर्द रही हैं। शुक्रवार-शनिवार की रात में यहां पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## भोपाल स्टेशन के माइक्रोवेव टावर के आउटडोर स्टोर में आग

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक की तरफ जीआरपी थाने के पास बने रेलवे के माइक्रोवेव टावर के आउट डोर स्टोर में रविवार दोपहर आग लग गई। जिससे यहां रखे सामान और डॉक्यूमेंट्स जल गए। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया।

यह स्टोर भोपाल स्टेशन के बाहर की मुख्य सड़क पर मौजूद है। इसमें रेलवे के सिग्नल एंड टेलिकॉम विभाग का सामान रखा था। इसके अलावा कुछ ऑयल और अल्मारियां भी रखा गया था। नगर निगम के कंट्रोल रूम के प्रभारी मोहम्मद इफ्तेखार ने बताया कि, आग पूरी तरह से बुझा दी गई है। इस दौरान यहां पर करीब 8 दमकलों का इस्तेमाल किया गया। यहां से गुजरने वाले एक राहगीर जसपाल सिंह यादव ने नगर निगम के कंट्रोल रूम में फोन करके आग लगने की सूचना दी थी। जसपाल ने बताया कि, वह इस इलाके से गुजर रहे थे तो उन्होंने आग की लपटों को बाहर निकलते देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना नगर निगम की दी। जसपाल ने बताया कि, फायर ब्रिगेड को आने में करीब 30 मिनट का समय लगा। निगम कर्मियों ने इसे करीब एक घंटे में काबू पा लिया।

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जा रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

# रीवा अब सेरेमोनियल हो गया है : उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा अब सेरेमोनियल हो गया है। यहां महानगरों की तर्ज पर बड़े-बड़े आयोजन होने लगे हैं।**






राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध जन अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। श्री शुक्ल सेंट्रल एकेडमी ग्रुप आफ स्कूल्स के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य की गुणवत्ता से उन्नति के शिखर को छुआ जा सकता है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी तथा उनसे अपेक्षा की कि वे अपने विद्यालय व रीवा का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर गुढ़ विधायक श्री नागेंद्र सिंह, मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति, विद्यालय के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

### विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें। ट्रांसफार्मर जल व खराब होने की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए इन्हे बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा केबिल खराब होने पर उन्हे बदले जाने की कार्यवाही करें। श्री शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में अधिकारियों को फीडर सेपरेशन के कार्य को गति देने के निर्देश दिए तथा कहा कि मैनपावर बढ़ाएं तभी फीडर विभक्तिकरण का कार्य समय में पूर्ण हो सकेगा। उन्होंने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा जिले की विद्युत संबंधी शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार शुक्ला ने उप मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि तत्परतापूर्वक विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान फीडर सेपरेशन से जुड़े अधिकारी तथा विद्युत विभाग के अधिकारी व संलग्न एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताया है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें इस शिकायत को दूर करना चाहिए कि कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण दिया गया है।कनाडा में सड़कों पर भारतीय मूल के लोग मजहबी पहचान के आधार पर लडने्-भिडने् लगें, तो समझा जा सकता है कि वहां स्थिति कितनी खतरनाक बन गई है। वैसे भी गुजरे सवा साल में भारत- कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में बढ़ी टकराहट ने वहां रहने वाले लाखों भारतवंशियों को आशंकित कर रखा है। रविवार को इसमें नया अध्याय जुड़ा, जब ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थक सिख पहुंच गए, जब वहां भारतीय वाणिज्य दूतवास का शिविर लगा हुआ था। खालिस्तान समर्थकों की नारेबाजी पर हिंदू समुदाय के लोगों ने आपत्ति की, जिस पर झगड़ा शुरू हो गया। कनाडा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जो सभी हिंदू समुदाय के हैं।इस घटनाक्रम ने भावनाओं में और उबाल ला दिया है। घटना पर पहले कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग, फिर भारतीय विदेश मंत्रालय, और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी किया। मोदी ने कहा- मैं कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझ कर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने के कायरतापूर्ण प्रयास भी उतने ही भयावह हैं। इसके पहले भारतीय उच्चायोग ने भारत विरोधी तत्वों के हमले की निंदा की थी। स्पष्ट है, भारत सरकार ने घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। बहरहाल, प्रमुख मुद्दा यह है कि कनाडा में भारतवंशियों के बीच ऐसे विस्फोटक हालात क्यों बनते जा रहे हैं और अब समाधान क्या है ?क्या कनाडावासी भारतीय मूल के लोगों में फिर से आपसी संवाद कायम करना संभव है, ताकि मतभेदों के बावजूद वे हिंसा का शिकार ना बनें ? ऐसे प्रयासों में दोनों देशों की सरकारों की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताते हुए शांति की अपील की है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें भारतवंशियों के मन में बैठी इस शिकायत का समाधान निकालना चाहिए कि उनकी सरकार कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण देती है। उधर भारत सरकार से अपेक्षा है कि वह सभी समुदायों की तरफ बोले और कनाडा में सामुदायिक शांति के पक्ष में समझौताविहीन संदेश दे।

## शिव के हमजोली होलें



कामनाओं की डोर छोड़ दें,
भक्ति-भाव से प्रीत जोड़ लें,
मन-मंदिर की बगिया में हम,
भोले प्रेम की बेल रोप दें।
धरें ध्यान हम ...
आओ आंख-मिचोली खेलें,
शिव के हम हमजोली हो लें,
एक तार हो जाएं दोनों,
मधुरस से हम होली खेलें।
धरें ध्यान हम ...
(188/239 वां मनका)

धरें ध्यान हम शिव-चरणों का,
वृंदावन तक जाएं,
राम-श्याम, भोले का आंगन,
सब एक रस हो जाएं।
करें ध्यान हम ...
पग-पग धूली मिली हुई है,
श्वांसों के अवतारों की,
गाथाएं गुंजित होती हैं,
शीर्ष, शिखर, चिनारोंकी।
धरें ध्यान हम ...
राम-कृष्ण, भोले-भक्ति में,
डूबें और उतराएं,
चंचल बदन चकोरी-सा हो,
झूम-झूम कर गाएं।
धरें ध्यान हम ...



विनय उजाला

**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी (राम) इन्दौर**

## चर्चाओं के बीच : अभिनेत्री श्रद्धा सिंह





विनय उजाला

कलर्स चैनल पर प्रसारित होने वाला गुजराती शो श्याम धुन लागी दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस टीवी शो में अभिनेत्री श्रद्धा सिंह एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। अपने भावपूर्ण अभिनय की वजह से श्रद्धा सिंह इन दिन काफी चर्चा में है। श्रद्धा सिंह अहमदाबाद की रहने वाली है और अभी मायानगरी मुम्बई में रहकर अभिनय के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट छवि कायम करने की दिशा में गतिशील हैं। श्रद्धा ने हिंदी और गुजराती भाषा में टीवी शो, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, वेबसीरिज और फिल्मों में अभिनय किया है। इन्होंने कई गुजराती फिल्म जैसे हू छू ने, हाथताल, अम्मा आदि में अभिनय किया है। शार्ट फिल्म माथा नो मलाजो, सिंगल मधर, रिसामने बेथेली बहु, हिंदी फिल्म मुम्बई टू आगरा हिंदी टीवी सीरियल किस्मत की लकीरों से, राजमहल, पलकों की छांव में, सुहाग में भी अभिनय किया है। आगामी प्रोजेक्ट में इनकी एक हिंदी फिल्म और वेबसीरिज आ रही है। रंगमंच पर भी अपने अभिनय का जलवा बिखर चुकी अभिनेत्री श्रद्धा सिंह कहती हैं कि वह जितना लगन से काम करेंगी अनुभव के साथ उनका एक्टिंग स्किल और बेहतर होगा। वह हर प्रकार के किरदार बखुबी निभा लेती हैं लेकिन उन्हें दमदार और भावुक किरदार करना ज्यादा पसंद है। अभिनय की दुनिया में आने से पूर्व मॉडलिंग करने के साथ साथ श्रद्धा सिंह ने मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट में भाग लिया था। उन्होंन कई रैंप शो और कई विज्ञापन फिल्में भी की हैं और ब्राइडल ज्वैलरी शूट भी किया है। श्रद्धा सिंह को ट्रेवलिंग, डांसिंग, रीडिंग और कुकिंग का शौक है। श्रद्धा सिंह, संजय लीला भंसाली और मधुर भंडारकर जैसे निर्देशकों के साथ काम करने को इच्छुक हैं। बचपन से ही अभिनय में रुचि रखने वाली श्रद्धा सिंह अपना आदर्श अपने पिता को मानती हैं। वह अभिनेता अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अजय देवगन और मनोज वाजपेयी को बेहद पसंद करती हैं और चाहती हैं कि वह अपने अभिनय कौशल को निखार कर इस काबिल बने कि अपनी पसंदीदा अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका प्राप्त कर सके। इसके लिए अभिनेत्री श्रद्धा सिंह फिलवक्त अच्छे और बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

## कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारी

**बुरहानपुर, निप्र।** इंदौर इच्छापुर हाईवे पर पांधार नाले के पास एक कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे उसे हाथ, पैर में चोंटें आई। शिकायत पर पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार सचिन पिता सुभान सिंग निवासी हसनपुरा ने शिकायत की कि वह अपनी बाइक से जा रहा था तभी कार एमपी 68 जेडबी 0001 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसे चोंटें आई। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इन परिभाषाओं के हर कोई दल अपने अपने हिसाब से मायने निकाल रहा है। भाजपा बिल्कुल अलर्ट हो चुकी है वह हर रैलियों पर बारिकी से निगाहें गड़ाए हुए हैं। भाजपा को सबसे बड़ा सहारा चुनाव प्रचार प्रचार से लेकर बूथ के मूल्यांकन तक करने में आरएसएस भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जीत के लिए एक रणनीति के रूप में काम कर रहा है।

# महाराष्ट्र में चुनाव के पूर्व जन्म लेगी गठबंधन की नई परिभाषा

डॉ.तेजसिंह किराड़ तेज



विनय उजाला



यूं तो महाराष्ट्र में चारों तरफ महायुति और महाविकास आघाड़ी को लेकर ही चर्चा ओं का बाजार बहुत गर्म हो चुका है। विधानसभा चुनाव को लेकर हर पार्टी अपने अपने प्रत्याशियों की जीत के दांवे कर रही है।इनके दांवों में कितनी सच्चाई है यह इन्हें ही खुद पता नहीं है कि जमीनी हकीकत को लेकर सबसे पहले उनकी पार्टी का कार्यकर्ता क्या सोच रहा है? क्योंकि जब भी कोई भूचाल या भूकंप आता है तो सबसे पहले जमीन से जीवों को पहले एहसास हो जाता है ठीक उसी तरह राजनैतिक दलों में अमुमन यही गणित याद किया जाता है कि जीतेगा कौन यह तो घर घर पहुंच रखने वाले कार्यकर्ता ही बता सकते हैं। ऐसी ही कुछ चर्चा महाराष्ट्र में मुम्बई मंत्रालय से लेकर दिल्ली में बैठे आकाओं तक यही बातें हो रही है कि महायुति गठबंधन में मनभेद और मतभेद सीट बंटवारे को लेकर जो उभरे थे वे अब क्षेत्रीय प्रत्याशियों के लिए सबसे घातक होने जा रहे हैं। इसका कारण स्पष्ट है यह है कि कुछ सीटों पर युति के ही प्रत्याशी आपस में सीधी टक्कर दे रहें हैं। इससे बड़ा नुकसान भी महायुति के तीनों दलों भाजपा, एकनाथ शिंदे और अजित पवार गुट को ही होने वाला है।इसका ज्वलंत उदाहरण है नवाब मलिक को अजित पवार समर्थन कर रहे हैं और एकनाथ शिंदे अपने प्रत्याशी के लिए प्रचार प्रसार कर रहें हैं। भाजपा ये सब खेला होते हुए देख रही है। कहते हैं कि भाजपा ने पहले ही होशियारी करकें एक सौ पचास से ज्यादा सीटों पर अपने ठोस प्रत्याशी सोच समझकर उतारें है। इसका कारण, अजित पवार का कब परिवार प्रेम जागृत हो जाएं भाजपा का कोई भी बड़ा नेता यह नहीं बता सकता है कि अजित पवार कब पलटीं मार कर परिवारवादी हो जाएंगे। कल्पना से परे ही लगता है। अब एक समस्या और यह भी उभर कर सामने आ चुकीं हैं कि योगी आदित्यनाथ के नारे को लेकर भी अजित पवार विरोध दर्शा रहें हैं। इससे भाजपा खेमे में भी बड़ी हलचल मची हुई है कि योगी आदित्यनाथ कि रैली से एकनाथ शिंदे और अजित पवार को ही सबसे बड़ा नुकसान होने कि संभावना जताई जा रही है। क्योंकि महाराष्ट्र में यह तो साफ दिखाई दे रहा है कि भाजपा हर हाल में यह विधानसभा चुनाव जीतना ही चाहेंगी। इसके लिए उसे सबसे ज्यादा अपनी सीटों और अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाना होगी। जो सबसे बड़ा दल होगा सीएम भी संभवत: उसी दल का ही सुनिश्चित होगा!

अब चर्चा तो यह भी हो रही है कि क्या अजित पवार दूसरी बार डिप्टी सीएम बनेंगे या नहीं ? वहीं क्या एकनाथ शिंदे भी दूसरी बार सीएम बनेंगे या नहीं? इन परिभाषाओं के हर कोई दल अपने अपने हिसाब से मायने निकाल रहा है। भाजपा बिल्कुल अलर्ट हो चुकी है वह हर रैलियों पर बारिकी से निगाहें गड़ाए हुए हैं। भाजपा को सबसे बड़ा सहारा चुनाव प्रचार प्रचार से लेकर बूथ के मूल्यांकन तक करने में आरएसएस भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जीत के लिए एक रणनीति के रूप में काम कर रहा है।

हरियाणा के नतीजों ने जिस तरह से कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया था ठीक उसी पैटर्न पर महाराष्ट्र और झारखंड का भी चुनाव लड़ने की ठोस रणनीति बनकर तैयार हो चुकी है।

आजकल चुनाव प्रचार में जुबानी जंग भी खुब चल रही है। छोटे औवेसी से लेकर संजय राऊत, योगी आदित्यनाथ,डा.मोहन यादव, अजित पवार, कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर शरद पवार के जितेंद्र आव्हाड,मनसे के राज ठाकरे से लेकर, सपा के अखिलेश यादव से लेकर केजरीवाल तक , देवेन्द्र व नितीन गडकरी से लेकर अमित शाह तक और जो बगावत कर चुकें ऐसे बागियों के शब्दकोष से भी कठोर व तीखें शाब्दिक प्रहार आरंभ हो चुकें हैं। दिनों दिन मुकाबला भी रोचक होता जा रहा है।

वहीं मतदाता जागरूकता के हर सरकारी मिशनरी, एनजीओ, स्कूल - कालेज सभी शत-प्रतिशत मतदान के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसे विडम्बना ही कहा जा सकता है कि मतदान करने वालों को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों का सहारा लिया जा रहा है। ताकि ये बच्चे भी भविष्य में अपने राज्य और राष्ट्र के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें ! फिलहाल तो इन बच्चों कि मासूमियत से बड़े बुजुर्गो और युवाओं को अभिप्रेरित करने के लिए रैली,नुक्कड़ नाटक,पोस्टर स्पर्धा,श्लोगन लेखन, भाषण, वाद विवाद स्पर्धाओं का सहारा लिया जा रहा है। वहीं सरकार के आलाधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ?राज्य में हर केन्द्र ,बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान हो । इसके लिए भी भरसक प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

महाराष्ट्र में चुनाव के पूर्व या चुनाव के परिणाम आते ही जिस एक नई परिभाषा को लेकर गुफ्तगू का दौर आरम्भ हो चुका है वह सबकों चौंकाने वाला ही समझा जा रहा है। संकेत भी हाल ही में मिल चुकें हैं। शरद पवार ने स्पष्ट कह दिया है कि वे नई पीढ़ी को स्पेस देना चाहते हैं और वे संन्यास के लिए मानसिक रूप से तैयारी कर रहे हैं।इसके पीछे कि पटकथा का अर्थ तमाम राजनीतिक विश्लेषकों और दलों के कद्दावर नेताओं ने भी निकालना आरंभ कर दिया है। शरद पवार को राजनीति में एक चाणक्य माना जाता रहा है। वे जब भी बोलते हैं या संकेत देते हैं तो उनकी बातों के कई मायने भी बड़ा महत्व रखते हैं। सूत्रों कि माने तो अजित पवार कि महायुति में पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है और इसके लिए एक तरफ अपने परिवार से सीधी टक्कर का होना, दूसरा बागियों का पीछे नहीं हटना,तीसरा उनके प्रत्याशियों के लिए महायुति के कार्यकर्ताओं में गुटबाजी साफ दिखाई दे रही है। वहीं एकनाथ शिंदे भी अपनी कुछ सीटों के प्रत्याशियों को लेकर पशोपेश में पड़ चुके हैं। क्योंकि भाजपा जिस रणनीति और पूर्ण उत्साह से अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में जुटीं हुई है उससे तो यह साफ दिखाई दे रहा है कि भाजपा महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरें और जरूरत पड़ने पर ही वह किसी के आगे हाथ जोड़े ! मनसे प्रमुख भी भाजपा को मदद करते नजर आ रहे हैं। वे सीधे सीधे कांग्रेस, एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट के प्रत्याशियों के लिए समस्या बनते जा रहे हैं । क्योंकि राज ठाकरे के बेटे के सामने शिन्दे गुट का प्रत्याशी खड़ा होने से राज ठाकरे नाराजी की साल ओड़कर चुनाव प्रचार पर सतर्कता पूर्वक निगाह जमाएं हुए हैं। क्योंकि राज ठाकरे का हिंदुत्ववादी चेहरा भाजपा के वोट बैंक को तो सपोर्ट करेगा ही वहीं राज के बेटे की जीत भाजपा के संजीवनी भी बनेंगी। संभवत: भविष्य में गठबंधन कि नींव महाराष्ट्र में राज ठाकरे और भाजपा को लेकर भी एक नवीन परिभाषा को जन्म दे सकने में मील का पत्थर साबित हो सकती है!

वैसे महाराष्ट्र में कांग्रेस को अपने सबसे ज्यादा प्रत्याशी जीतने की बड़ी उम्मीदें हैं परन्तु सीएऊका चेहरा सषपटूना होने से उद्धव ठाकरे,नाना पटोले,शरद पवार और उनके अन्य सहयोगी भी पशोपेश में है कि इस बार सत्ता कि चाबी के लिए किस दल के मुखिया की लाटरी लगेगी ? कांग्रेस में जहां सीएम के लिए दस दावेदार है वही उद्धव ठाकरे पहले ही अपनी उम्मीदवारी पर दावा ठोक चुकें थें परन्तु शरद पवार कि समझाइस पर उद्धव और संजय राऊत नरम पड़ गये और फिर सीटों के बंटवारे में आपस में ही बड़ा खेला हो गया। तब भी उद्धव ठाकरे और संजय राऊत की नाराज़गी ने साफ संकेत दे दिए थे कि वे इससे ज्यादा समझौता करने में असमर्थ हैं। तब कहीं जाकर शरद पवार और कांग्रेस के शीर्ष आलाकमान को भी एहसास हो चुका कि सत्ता के महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे शिवसेना को बड़ा सम्मान देना ही पड़ेगा क्योंकि पिछली बार उद्धव गुट कि शिवसेना ने भाजपा युति के साथ सबसे ज्यादा सीटें भी जीतीं थी और सीएम पद भी मिला था परन्तु गठबंधन को किसी दल की नजर लगी और भाजपा से गठबंधन भी टूट गया।

कहते हैं कि जो भाजपा से दूर चला जाता है वह जब चाहे वापस आकर प्रेम से गले मिल सकता है। क्योंकि पुराना चावल ,पुराना गुड़ ,पुरानना घी और पुरानी पहली दोस्ती हमेंशा यादगार रहती है और उसकी कीमत भी सबसे ज्यादा आंकी जाती है। भाजपा के लिए उद्धव ठाकरे वहीं पुराने दोस्त ही है। क्योंकि सत्ता के लिए सब कुछ जायज मेरे दोस्त। जो आज का केवल दिखावा है वह कल कि एक नई परिभाषा को भी जन्म दे सकता है।

कहते हैं कि जब एक परिवार के चार सदस्यों में बेहतर संबंध और संवाद स्थापित नहीं रह सकते हैं तो यह तो सत्ता कि कुर्सी कि बात है इसमें आखिर महायुति का गठबंधन और महाविकास आघाड़ी का गठबंधन कैसे ठीक और कायम रह सकता है !

**(वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक, नागपुर)**

# नदी गाथा : पूर्वोत्तर की जीवनधारा है ब्रह्मपुत्र

वीना गौतम

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी के किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं और संस्कृतियां फली फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन,बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील बनाना भी जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे।

इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जरूरी है कि हमारे अखबार के पाठक अपनी महान नदियों के बारे में जानें,उनके आर्थिक,सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व को समझें और इनके प्रति संवेदनशील हों। अत: अब से हम महीने में एक बार देश की किसी एक महत्वपूर्ण नदी के बारे पाठकों को बताया करेंगे। उम्मीद है यह मासिक कालम हमारे सुधी पाठकों के लिए उपयोगी होगा। संपादक-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर, ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। इसका उद्गम तिब्बत में मानसरोवर के पास है। इसे तिब्बत में त्सांगपो कहा जाता है। भारत में यह अरुणाचल प्रदेश से प्रवेश करती है और असम होते हुए बांग्लादेश जाती है।

अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की कई भौगोलिक संस्कृतियों और आर्थिक भूमिकाओं को रेखांकित करती है। अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर भारत का द्वार है। इसलिए यह अरुणाचल प्रदेश की ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण नदी है। अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र को सियांग कहते हैं और जब यह अरुणाचल से असम में प्रवेश करती है, तो इसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र के रूप में ही यह बांग्लादेश में प्रवेश करती है। ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर की जीवनधारा है। यह यहां के समाज और संस्कृति को गहरे तक प्रभावित करती है। ब्रह्मपुत्र के किनारे रहने वाली समस्त जातियां अपनी जीविका के साधनों के लिए ही नहीं बल्कि अपने सारे सांस्कृतिक क्रियाकलापों और कर्मकांडों के लिए ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है। इनकी जिंदगी के हर पहलू पर यह नदी जीवन आधार की तरह शामिल रहती है। पूर्वोत्तर के लोग खेती के लिए बड़े पैमाने पर ब्रह्मपुत्र के पानी पर निर्भर हैं। इसी नदी से यहां के लोगों को बड़े पैमाने पर मछलियां और पीने का पानी भी हासिल होता है। जीवन के साधनों की तरह ही पूर्वोत्तर के लोगों को अपनी कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का आधार भी ब्रह्मपुत्र से हासिल होता है। नदियां हमेशा से इंसान के जीवन का मूल आधार रही हैं। दुनिया की सारी सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ। चाहे भारत में सिंधु नदी घाटी की सभ्यता हो या मिस्र में नील नदी घाटी की सभ्यता। सब नदियों किनारे ही पनपी और फूली फली हैं। भारतीय संस्कृति में तो नदियों को मां कहकर संबोधित किया जाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे लिए नदियों का कितना महत्व है। जहां तक ब्रह्मपुत्र के महत्व की बात है तो 2900 किलोमीटर लंबी यह नदी हिमालय से निकलकर पूर्वोत्तर की घाटियों और मैदानों को समृद्ध बनाती है। असम के मैदानों में ब्रह्मपुत्र काफी चौड़ी हो जाती है, जिससे इसकी जलधारण की क्षमता बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियां जैसे-लोहित, दिहांग और दिबांग, अपनी जलराशि से इसे विशाल नद में परिवर्तित कर देती हैं।

हालांकि ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर में अकसर आने वाली बाढ़ का प्रमुख कारण भी बनती है, जो कई बार बहुत विनाशकारी होती है। लेकिन इसके अपने फायदे भी हैं। बाढ़ के चलते क्षेत्र में प्राकृतिक उर्वरता का संचार होता है। दरअसल बाढ़ का पानी अपने साथ तरह तरह की मिट्टी और पोषक तत्व लेकर आता है, जिससे बाढ़ के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र बेहद उपजाऊ हो जाते हैं। असम के मैदानी क्षेत्रों में चावल, सरसों के बड़े पैमाने पर होने वाली शानदार खेती का एक कारण बाढ़ के जरिये उर्वर होने वाली मिट्टी भी है। ब्रह्मपुत्र का सिर्फ पूर्वोत्तर के संदर्भ में ही महत्व नहीं है। समूचे भारत के संदर्भ में भी इसका बहुत महत्व है। असम और अरुणाचल प्रदेश की जनजातियां इस नदी में बहुत गहरे तक समायी हुई हैं। नदी किनारे रहने वाली विशेषकर मिसिमी,निशि और बोरो जातियां ब्रह्मपुत्र को बहुत पवित्र मानती हैं। उनके सभी धार्मिक और सांस्कृतिक क्रिया कलापों में ब्रह्मपुत्र का शामिल होना जरूरी है। असम में लगने वाला विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला, कामाख्या मंदिर के परिसर में इसी नदी के तट पर लगता है।

इसी तरह माघ बिहू और रोंगाली बिहू की इंद्रधनुषी छटा भी इस ब्रह्मपुत्र के तट पर बिखरती है। जैसे उत्तर भारत में गंगा नदी की पूजा होती है, वैसे ही पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र की पूजा होती है। गंगा की तरह पूर्वोत्तर के लोग ब्रह्मपुत्र को मां का दर्जा देते हैं। यहां के लोगों के सुख, दुख में गाये जाने वाले गीतों, सुनायी जाने वाली कहानियों और ध्वनित होने वाली संगीत लहरियों में ब्रह्मपुत्र नदी धड़कती है। ब्रह्मपुत्र की पूजा केवल धार्मिक भावनाओं को ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी दर्शाती है। ब्रह्मपुत्र नदी का इस्तेमाल पूर्वोत्तर में परिवहन के एक बड़े साधन के रूप में भी सदियों से हो रहा है। इसके चलते असम और अरुणाचल प्रदेश के लोग सदियों से आपस में व्यापार करते हैं और एक दूसरे के यहां सहजता से आवागमन करते हैं। हाल के सालों में भारत सरकार ने इस नदी को एक बेहतर जलमार्ग के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरु की हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी का भारत ही नहीं बल्कि समूचे दक्षिण एशिया के लिए अत्यधिक पर्यावरणीय महत्व है। इस नदी का जलस्तर और प्रवाह हिमालय के ग्लेशियरों पर निर्भर करता है। क्योंकि हाल के दशकों में लगातार धरती का तापमान बढ़ रहा है, इसलिए ग्लेशियरों की पिघलने की रफ्तार काफी ज्यादा है, इस कारण ब्रह्मपुत्र का जलस्तर लगभग पूरे साल ही ऊंचा रहता है। लेकिन यह चिंता का विषय भी है कि अगर इसी तरह ग्लेशियर पिघलते रहे, तो एक ऐसा समय भी आ सकता है, जब पिघलने के लिए ग्लेशियर ही न बचें, तब ब्रह्मपुत्र में पानी का अभाव होगा। ब्रह्मपुत्र देश की सबसे ज्यादा जैव विविधता से सम्पन्न नदी है। इसमें डॉल्फिन सहित दर्जनों तरह की मछलियां और दूसरे जलीय जीव रहते हैं। असम में यह नदी काजीरंगा नेशनल पार्क और मानस नेशनल पार्क जैसे विश्व धरोहर स्थलों से भी होकर बहती है। इस तरह यह नदी पूर्वोत्तर ही नहीं बल्कि समूचे भारत की धड़कन है।

विनय उजाला

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

## ब्लॉक के कारण दो ट्रेने निरस्त

**रतलाम (विनय उजाला)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के शहडोल-न्यू कटनी जंक्शन स्टेशन के मध्य नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल की दो ट्रेनों के दोनों दिशाओं में 9-9 फेरे निरस्त रहेगी। निरस्त ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:- 1.22 से 30 नवम्बर, 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस 2.23 नवम्बर से 01 दिसम्बर, 2024 तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18233 इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस

ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव सहित अन्य अद्यतन जानकारियॉ रेल मदद ऐप, रेल मदद नम्बर 139 या www.enquiry.indianrail.gov.in की सहायता ले सकते हैं।

# उत्तर रेलवे में ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेने प्रभावित

विनय उजाला

**रतलाम।** उत्तर रेलवे फिरोजपुर मंडल के चिहेरू रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेने प्रभावित होगी। प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है :-

निरस्त ट्रेने : 1. तत्काल प्रभाव से 25 नवम्बर तक डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 09321 डॉ. अम्बेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा स्पेशल

2. तत्काल प्रभाव से 26 नवम्बर तक श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 09322 श्रीमातावैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल

रेगुलेट/री-शेड्यूल ट्रेने :- 1.22 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 45 मिनट विलम्ब से चलेगी।

2.24 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 60 मिनट विलम्ब से चलेगी।

3.27 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 120 मिनट विलम्ब से चलेगी।

4.25 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली 12472 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 90 मिनट विलम्ब से चलेगी।

5.24 नवम्बर को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली 12478 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा जामनगर एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 60 मिनट विलम्ब से चलेगी।

6. 27 नवम्बर को शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली 22942 शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर इंदौर एक्सप्रेस आरंभिक स्टेशन से 90 मिनट विलम्ब से चलेगी।





परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेने :- 1.तत्काल प्रभाव से 26 नवम्बर तक डॉ.अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12919 डॉ. अम्बेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी चलेगी।

2. तत्काल प्रभाव से 25 नवम्बर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्या 12471 बान्द्रा टर्मिनस श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी चलेगी।

3. 20 नवम्बर को जामनगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12477 जामनगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी चलेगी।

4. 23 नवम्बर को गांधीधाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 12473 गांधीधाम श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी चलेगी।

5. 19 एवं 26 नवम्बर को हापा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12475 हापा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी चलेगी।

6. 20 नवम्बर को कोच्चुवेली से चलने वाली गाड़ी संख्या 12475 हापा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर- जालंधर सिटी चलेगी।

ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव सहित अन्य अद्यतन जानकारियॉ रेल मदद ऐप, रेल मदद नम्बर 139 या www.enquiry.indianrail.gov.in की सहायता ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन लोककण्ठ, करमा एवं छाऊ नृत्य की हुई प्रस्तुति



**खरगोन, निप्र।** लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल व जिला प्रशासन खरगोन द्वारा आयोजित निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन 16 नवंबर को सायं काल बजे निमाड़ गायन अंतर्गत लोककण्ठ की प्रस्तुति मनीषा शास्त्री, राखी बांके, सोनाली ढाकसे, विकास शुक्ला एवं साथी कलाकारों द्वारा दी जा रही है। इसी के साथ गणगौर नृत्य की प्रस्तुति खण्डवा की साधना उपाध्याय एवं साथियों द्वारा, बैगा जनजाति के करमा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डोरी के दयाराम एवं साथियों द्वारा, छाऊ नृत्य की प्रस्तुति रांची की सृष्टिघर महतो व साथी कलाकारों द्वारा, भांगड़ा और मलवाई गिद्दा नृत्य की प्रस्तुति पटियाला के मनेन्द्र सिंह व साथी कलाकारों द्वारा तथा गोटीपुआ नृत्य की प्रस्तुति उड़ीसा की चन्द्रमणि प्रधान व साथी कलाकारों द्वारा दी जा रही है। 17 नवंबर को प्रातः 09 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय महेश्वर में बालिका वर्ग के लिए कबड्डी एवं दोपहर 02 बजे से रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं सांय काल में 17 नवंबर को सांय 97 बजे से काठी नृत्य की प्रस्तुति हरसूद के रामदास साकल्ले एवं साथियों द्वारा, गुटुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डोरी के लेखपाल धुर्वे एवं साथियों द्वारा दी जाएगी। इसके पश्चात मेरठ के श्री हरिओम पंवार, इंदौर के मुकेश भोलवा, दिल्ली के शंभु शिखर, इंदौर के श्याम सुंदर पलोड, खण्डवा के डॉ. श्रीराम परिहार, महेश्वर के विजेय शितांशु, हरिश दुबे, विष्णु फागना, गोगावां के जगदीश जोशिला, पंधाना के विरेन्द्र चौरे, सनावद के दीपक पगारे, खरगोन के नरेन्द्र जोशी, खलघाट के विजय शर्मा द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा।

### बलकवाड़ा पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिक बालिका का इलाज कराकर उसे उज्जैन के सेवाधाम आश्रम अम्बोदिया पहुंचाया



**खरगोन, निप्र।** बलकवाड़ा पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिक बालिका का ईलाज कराकर उसे उज्जैन के सेवाधाम आश्रम अम्बोदिया पहुंचाया। ज्ञातव्य रहे कि दिनांक 09.11.2024 को बलकवाड़ा थाने पर बलकवाडा क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिक बालिका के होने की सूचना पर बलकवाड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश यादव द्वारा तत्काल महिला आरक्षक नंदनी मुजाल्दे और सपना जमरे को भेजकर बालिका को थाने लाकर उसे भोजन कराने के पश्चात् जब उसके नाम, पते और परिजनो के बारे मे पुछताछ करने पर मानसिक विक्षिप्त होने से बालिका द्वारा कुछ भी नहीं बता पाई। पश्चात् महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती मोनिका बघेल से सम्पर्क करने पर, उनके द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के सहायक आयुक्त धर्मेन्द्र गांगले से सम्पर्क करना बताया गया। मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगो से बातचित करने एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त करने वाले द्विभाषक जितेन्द्र गांगले रूब्रष्ट (मोबाईल स्त्रोत सलाहकार), बी एस सी संतोष एस्के जनपद शिक्षा केन्द्र कसरावद के द्वारा भी बलकवाड़ा थाना जाकर बालिका से पुछताछ की गई फिर भी वह नाबालिग बालिका कुछ नहीं बता पाई। पश्चात् बलकवाड़ा पुलिस उस बालिका को ईलाज के लिए जिला अस्पताल खरगोन लेकर के आई, जहां वन स्टाप सेंटर खरगोन की प्रभारी वंदना निरवल, म.आर. सोनु म.आर. निकिता और परियोजना प्रभारी अधिकारी उमा नरवरिया द्वारा ईलाज कराकर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालिका के साथ कोई अनहोनी न हो और वह सुरक्षित भी रहे, इसलिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा बालिका को सेवाधाम आश्रम अम्बोदिया तहसील घट्टीया, गंभीर डेम के पास बडगांव रोड जिला उज्जैन मे रखने की स्वीकृती प्रदान की गई। आरक्षक नंदनी और वन स्टाप सेंटर के स्टाफ के साथ मानसिक रूप से विक्षिप्त उस बालिका को उज्जैन के आश्रम में कर्ता धर्ताओ के सुपुर्द किया गया।

### एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्रों को आनन्द अल्पविराम के बारे में बताया





**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश आनन्द संस्थान द्वारा आयोजित आनन्द गतिविधियों के तहत जननायक टंट्या मामा महाविद्यालय भीकनगांव में जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएसडबल्यू और एमएसडबल्यू के छात्र छात्राओं के बीच आनन्द अल्प विराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद केबी मंसारे ने आनन्द विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी दी। सत्र से सम्पूर्ण प्रदेश में सीएम राईज शालाओं में आनन्द सभा पाठ्यक्रम लागू किया है। जिसमें मनोरंजनक गतिविधियों के साथ जीवन जीने की कला, तनाव मुक्त होकर सकारात्मक दिशा में बेहतर परिणाम के लिए आनन्द सभा को बताया। शांत समय मौन की ताकत, 30 सेकंड की ताली बजाने की गतिविधियों से लखूब आनंद लिया। विचार रखते हुए स्वयं की अंतरात्मा की आवाज पहचानने, क्रोध पर नियंत्रण और असफलता से भी अनुभव तजुर्बा की घटनाओं को समझा। जीवन में आनंद का घटना, बढना और लक्ष्य तय करने, समय का प्रबंधन, विभिन्न विधियों से स्वयं अनुभव करने को कहा। मदद की घटनाओं पर छात्र-छात्राओं ने खुब हंसी के ठहाके लगाये। इस दौरान कार्यक्रम में परामर्शदाता अर्पित जायसवाल, भागीरथ मुजाल्दे, मुकेश राठौड़, सोनिया जायसवाल, रीना चौहान सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश प्रजापत, दीपांशु गंगराड़े प्रज्वल चौहान, गोविंद चौहान, सोनाली प्रजापत, संगीता कछवे, रणजीता चौहान, ज्योति सावनेर, पूजा तवर, निशा तवर, नंदिनी खरने, बरखा गोलकर, अर्चना गंगराड़े, श्वेता सूर्यवंशी, श्याम धार्वे, वैशाली बागवान, महिमा श्रीवास, मालती असलकर सहित बच्चे उपस्थित थे।

## पुलिस प्रशासन का आपरेशन प्रहार

# हैलापड़ावा, जैतापुर और काटकूट, पुलिस ने अवैध गांजा पकड़ा








विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। हेलापड़ावा पुलिस ग्राम पलोना के प्रताप फाल्या के काशीराम के खेत मे दबिश दी।**

पुलिस टीम ने मुखबीर के बताए स्थान ग्राम प्रताप फाल्या ग्राम पलोना के खेत मे दबिश दी काशीराम तो कर मौके से भाग गया, पर पुलिस ने काशीराम के खेत में लगे लगभग 8,80,500/- रुपये मुल्य के 01 क्विंटल 76 किलो 229 गांजे के पौधे को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपी काशीराम के विरुद्ध अपराध क्रमांक 401/2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

हेलापड़ावा पुलिस टीम कार्रवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव राकेश आर्य चैनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक नाथूसिंह रंधा, उपनिरीक्षक अनिल निगवाल, कावा. सहायक उपनिरीक्षक संतोष चौधरी, सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रकांत महाजन, शशांक चोहान, आसिफ खान और रितेश पटेल शामिल रहे।

जैतापुर चौकी पुलिस ने 15.11.2024 को प्रेमनगर में सविता बाई शर्मा के बाडे में दबिश देकर 45,000/- रुपये मुल्य के 08 किलो 650 ग्राम वज़न के 10 पौधे अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपी सविता बाई शर्मा को गिरफ्तार किया गया, उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 478/2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जैतापुर चौकी पुलिस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन रोहित लखारे, मैनगाव थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज तिवारी, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुदर्शन कलोसिया, सहायक उपनिरीक्षक रेखा, सहायक उपनिरीक्षक अनिल तिवारी, मोहन मेढ़ा, मुकेश पटेल, प्रआर कालू, आर प्रशांत भी शामिल रहे। काटकूट पुलिस ने दिनांक 16.11.24 को, बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत में दबिश देकर 30,000 रुपये मुल्य के 06 किलो 600 वज़न के पांच गांजे के को अपनी सुपूर्दगी में लेकर, मौके से फरार आरोपी बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 298/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत, बलकवाड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल बामनिया, काटकूट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामआसरे यादव, चौकी प्रभारी बागोद सहायक उपनिरीक्षक हरिशंकर पान्टेल, पुलिस स्टाफ, प्रधान आरक्षक बालूसिंह गिरवाल, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक कपिल मीणा आरक्षक अनिल यादव, भी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना द्वारा प्रत्येक प्रकरण में पुलिस टीम को 5000 रुपये के इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## डॉ. चौबे बने सर्टिफाइड सॉफ्ट स्किल ट्रेनर

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में कार्यरत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के कार्यकर्तागण प्रीति गुलवानिया और वर्षा मुजाल्दे ने बताया कि निरंतर अध्ययनरत् रहने वाले उनके कॅरियर काउंसलर डॉ. मधुसूदन चौबे सर्टिफाइड सॉफ्ट स्किल ट्रेनर बन गए हैं।

डॉ. चौबे ने नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर सॉफ्ट स्किल एंड एप्टीट्यूड, बेलगावी, कर्नाटक के संस्थापक और सीईओ मि. श्रीनिवास बालाराजू से यह प्रशिक्षण प्राप्त किया है।प्रशिक्षक संस्थान आईएसओ 9001 से सर्टिफाइड है तथा यूरो यूके एक्रेडिएशन लायसेंसिंग सर्विसेस से सम्बद्धता प्राप्त है। पंद्रह घंटे के गंभीर प्रशिक्षण के दौरान कम्युनिकेशन स्किल, रिज्युमे बिल्डिंग, इंटरव्यू स्किल, स्वाट एनालिसिस, पब्लिक स्पीकिंग, पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन, लेंगुएज स्किल, टाइम मैनेजमेंट स्किल आदि सिखाई गई. प्रमाणित करने के पूर्व अनेक असाइंमेंट और प्रजेंटेशन करवाए गए। डॉ. चौबे ने कहा कि इस प्रशिक्षण का लाभ विद्यार्थियों तक संप्रेषित करेंगे और उनके व्यक्तित्व विकास में योगदान देंगे. खासकर वोकेशनल कोर्स व्यक्तित्व विकास के अध्यापन को और प्रभावी बनाने में इससे सहयोग प्राप्त होगा। इस उपलब्धि पर डॉ. आशा साखी गुप्ता, डॉ. मंजुला जोशी, डॉ. अभिलाषा साठे, डॉ. मीनाक्षी पंवार, डॉ. अर्चना सिसौदिया, डॉ. बलराम बघेल, डॉ. रणजीत मेवाड़े ने बधाई दी।करियर सेल के कार्यकर्ताओं प्रीति गुलवानिया, डॉ. अंतिम मौर्य, डॉ. अनिल पाटीदार, राहुल भंडोले, वर्षा मुजाल्दे, वर्षा मालवीया, कन्हैयालाल फूलमाली आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## अवैध मादक पदार्थ गांजे के विरुद्ध बड़वानी पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई

### थाना पाटी पुलिस ने 3 लाख 28 हजार रुपए का अवैध मादक पदार्थ (26 नग गांजे के हरे पौधे) कुल वजन 32 किलो 800 ग्राम के किए जप्त, आरोपी गिरफ्तार



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, पुलिस कप्तान श्री जगदीश डावर के मार्गदर्शन में थाना पाटी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी इला पिता रेमसिंग चौंगडिया को गिरफ्तार किया, जो गांजे की खेती में संलिप्त था। आरोपी के खेत से 26 गांजे के हरे पौधे, जिनका कुल वजन 32 किलो 800 ग्राम और बाजार मूल्य लगभग 3 लाख 28 हजार रुपये के जप्त किए गए।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़वानी पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे।इसी के तहत थाना पाटी पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सूचना प्राप्त की कि ग्राम कलमीझवर में आरोपी आरोपी इला पिता रेमसिंग चौंगडिया ने अपनी कपास की फसल में गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्रवाई की और आरोपी के खेत से गांजे के पौधे जब्त किए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। पुलिस कि इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप-निरीक्षक रोहित पाटीदार, सहायक उप निरीक्षक केशव यादव, प्रआर. बलवीरसिंह, प्रआर. विजय सोंलकी, प्रआर. रितेश, आर. मोहित, आर. अनिल, आर. लवकुश, आर. अरविंद और सैनिक कालसिंह की विशेष भूमिका रही।

## लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर

विनय उजाला





**सनावद, निप्र।** लायंस क्लब सनावद सिटी द्वारा मधुमेह दिवस पर निशुल्क मधुमेह जाँच शिविर लगाया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित शिविर में कॉलेज स्टाफ विद्यार्थियों की डॉक्टर कमलेश चौधरी द्वारा मधुमेह की जाँच की गई। डॉक्टर चौधरी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ्य आहार लेने की सलाह देतें हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। मधुमेह जागरूकता सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुरेश राका ने मधुमेह की जागरूकता पर मार्गदर्शन देते हुए प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बनावटी और पैकिंग फूड की जगह प्राकृतिक भोजन अपनाने की सलाह। स्वस्थ आहार और योग एक्सरसाइज के माध्यम से स्वयं को फिट रखने की बात कहते हुए उन्होंने मधुमेह जागरूकता को जन जन तक पहुचाने की बात कही। इस अवसर पर लायंस क्लब के झोन चैयरमेन जाकिर अमि, अध्यक्ष पंकज जटाले, सचिव उर्मिला जैन, श्याम महाजन, कमल पटेल, शालिनी जटाले, प्राचार्य सी एस प्रकोल्य, के के गाडगे सहित स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर संगोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** मप्र राज्य आनन्द संस्थान के निर्देशानुसार व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बड़वाह विकासखण्ड की हीरापुर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। संगोष्ठी परिचर्चा में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनन्द केबी मंसारे ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर दुनिया भर में आज का दिन सहिष्णुता दिवस के रूप में मना रहें हैं। आनन्द संस्थान द्वारा प्रत्येक जिले में संगोष्ठी परिचर्चा कार्यक्रम की कडी इस शाला में मना रहें हैं। आप, हम सब में सहनशीलता की कमी महसूस होती जा रही है।राग, द्वेष, क्रोध इस तरह बडा है कि विरोधी भाव और नफ़रत के विचार बढ़ते जा रहे हैं। हमें हर विषय पर तत्काल विरोध प्रदर्शन नहीं करें, शांत चित्त हो और सहनशील बनें। सकारात्मक दिशा में सोचें।

## अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जितेन्द्र वासुरे

**महेश्वर, निप्र।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गायत्री परिवार के श्री रामलाल जी तिरोले तथा सहायक वक्ता श्री रमेश पटेल ने भारत में सहिष्णुता पर विस्तृत मार्गदर्शन किया।

व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में दूसरों के प्रति सहनशील होने पर लगातार ध्यान देना चाहिए। इसमें उन रूढ़ियों और मान्यताओं को सचेत रूप से चुनौती देना शामिल है जिनका सामना वे आम तौर पर दूसरों के बारे में निर्णय लेने और सामाजिक या व्यावसायिक वातावरण में दूसरों के साथ काम करने में करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ मुकेश साठे प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से विषय पर बात रखी गई।सहिष्णुता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सहिष्णु वातावरण बनाने वाले युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों का सम्मान करने और समझने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में डॉ लता मंसारे, डॉ एम एस चौहान, डॉ संतोष बर्डे, डॉ ओ एस परिहार, डॉ विजय सिंह मंडलोई, डॉ चेतना सिद्धड, डॉ आरती सुगंधी, सुनील मुवेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रजनी सूर्यवंशी द्वारा किया गया। आभार डॉ एम एस चौहान द्वारा दिया गया।

### अपनों से मत लड़ो बल्कि अपने हक व अधिकारों के लिए उन लोगों से लड़ो जो तुम्हारे अधिकारो पर कब्जा किए बैठे है : भीमसिंह गिरवाल

# बिरसा मुंडा जयंती के अवसर ग्राम बागदरा लालपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जितेन्द्र वासुरे






**मण्डलेश्वर। धरती आबा महामानव क्रांति सूर्य भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर सतपुड़ा की तलहटी महेश्वर तहसील के ग्राम बागदरा लालपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वक्ताओं ने समाज को सम्बोधित करते हुए आदिवासी समाज के हक व अधिकारों के बारे में बताया।**

भगवान बिरसा मुंडा ने हमारी समाज के लिए जल जंगल जमीन के लिए लड़ाई लड़ी भगवान बिरसा मुंडा ने कहा था कि जल जंगल जमीन हमारी है और हम इसे हरगिज नही देंगे इसके बाद सविधान में लिखा था कि कोई भी कानून आ जाए लेकिन आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी नही खरीद सकता है।

महू जयस अध्यक्ष भीमसिंह गिरवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि अपनो से मत लड़ो बल्कि अपने हक व अधिकारो के लिए उन लोगो से लड़ो जो तुम्हारे अधिकारों पर कब्जा किये बैठे है। आज हमारे युवा राजनीति करने की बात करते है। जबकि आज देश के सर्वोच्च पद देश के राष्ट्रपति हमारी समाज की बेटी होंने के बाद भी आज आदिवासी समाज पिछड़ा हुआ है कई प्रकार के अत्याचार हम पर हो रहे है तो फिर राजनीति में जाने से क्या फायदा जो हमारी समाज के लिए कुछ कर ही ना पा रहे है। हमे हमारे बच्चों की पढ़ाई पर जोर देना चाहिए अच्छी शिक्षा ही आज की सबसे बड़ी पूंजी है। इसीलिए शिक्षा पर सभी को जोर देना चाहिए

वही कार्यक्रम को इंजीनियर धर्मपूर्वी विलेस खराड़ी रतलाम, दयाराम ठाकुर इंदौर, अर्जुन मोहरे बाक़ानेर, ओम वर्मा धरमपुरी, विक्रम गिरवाल गुजर मोहना, विजय सिंगारे जिरात, पप्पू परमार नजरपुर, एकलव्य भील सेवा समिति अध्यक्ष राजाराम मोहरे महेश्वर, भीमसिंह वर्मा बबलाई, अरविंद हिरवे मोहना, यशवंत दादा देवास, पदम् भाबर रसकुंडा, सूरज भाबर, भकलाय, राकेश ठाकुर जयस अध्यक्ष पितमपुर, संजय कुमार गांगले समाजसेवी खरगोंन, वीरेंद्र मालीवाड़ जयस अध्यक्ष महेश्वर सहित वक्ताओं ने भी समाजजनों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह भूरिया ने किया व आभार जितेंद्र बारिया पटेल बागदरा ने माना। इस दौरान पूनमचंद गिरवाल, ओमप्रकाश चौहान, शिवमंगल सिंह वर्मा, अरुण वर्मा, सुभाष वर्मा, सुनील मण्डलोई, जितेंद्र वासुरे, आश्विन पीपलदे, राजेश पंवार, नानूराम भूरिया, जितेंद्र बारिया, लखन बारिया, सोहन बारिया, विनोद बारिया, दिनेश डावर, कृष्ण डाबर, भीम वर्मा, राहुल कटारे, अभय बारिया, महेश बारिया, राजेंद्र मालवीय, गोलू बारिया, जंगलिया डाबर, रवि डाबर, धरम डाबर, धरम परमार, मंसाराम बारिया, विकास बारिया, बलराम बारिया, अरुण परमार, पिंटू डाबर सहित समाजजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आशीष अश्क तुलसी सम्मान से अलंकृत




**उज्जैन, निप्र।** नगर के ख्यात शायर, कवि आशीष श्रीवास्तव अश्क को देश का प्रसिद्ध तुलसी साहित्य सम्मान प्राप्त हुआ है। जानकारी देते हुए संस्था सरल काव्यांजलि के संतोष सुपेकर ने बताया कि तुलसी साहित्य अकादमी के डॉ. मोहन तिवारी आनंद, डॉ. अशोक तिवारी अमन, राजेश श्रीवास्तव (निदेशक रामायण केन्द्र), डॉ. जीवन रजत (म.प्र. संस्कृति विभाग) द्वारा श्री अश्क को भोपाल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी कृतियों – ग़ज़ल संग्रह %सैलाब% (2017), कविता संग्रह %होने लगी रात' (2023) और मुक्तक संग्रह श्रीराम–मुक्तकमणिमाल (2024) हेतु प्रदान किया गया। अश्क जी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सरल काव्यांजलि और गजलांजलि संस्था के डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, अशोक रक्ताले, राजेन्द्र देवधरे, डॉ. संजय नागर, दिलीप जैन, विजय सुखवानी, नितिन पोल, वी.एस. गहलोत, सुगनचंद्र जैन, मानसिंह शरद और सुखराम सिंह तोमर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नरेन्द्र मोदी फ्रेंड्स ग्रुप के पदाधिकारियों का सम्मान



**उज्जैन, निप्र।** कबड्डी एकेडमी एवं प्रभात स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नरेंद्र मोदी फ्रेंड्स ग्रुप के ऑल इंडिया अध्यक्ष गोविंद दग्दी के द्वारा प्रदेश सह सचिव के पद पर नंदकिशोर शर्मा, नगर प्रभारी अशोक मंडलोई एवं नगर महामंत्री डॉ.राहुल सांखला की नियुक्ति की गई। स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक एवं मोदी फ्रेंड्स ग्रुप के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर गिरजे के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार से सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी भी उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा भी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प हार के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र मोदी फैन से ग्रुप के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर गिरजे के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन नगर प्रभारी अशोक मंडलोई के द्वारा किया गया।

### उज्जैन की पूर्वी पोरवाल को श्रेष्ठ खेल सम्मान



**उज्जैन, निप्र।** विगत दिनों उज्जैन के क्रिस्ट ज्योति विद्यालय में आयोजित सहोदय 2024 उज्जैन–देवास बास्केटबॉल स्पर्धा में उज्जैन सेंटपाल विद्यालय की प्रतिभा शाली बास्केटबॉल खिलाड़ी पूर्वी पोरवाल को प्लेयर ऑफ मैच चुना गया। उक्त जानकारी देते हुवे वरिष्ठ बास्केटबॉल विजय बाली ने बताया की स्थानीय खिलाड़ी पूर्वी पोरवाल कालिदास कन्या महाविद्यालय बास्केटबॉल ग्राउंड पर नियमित खेल अभ्यास करती है। पूर्व में भी पूर्वी ने भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के इनडोर स्टेडियम में एक बड़ी स्पर्धा में खेलकर उज्जैन का नाम गौरवान्वित किया था। श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन करने पर पूर्वी को प्रशिक्षक सुनीता यादव, दर्शन ठाकुर, शेखर सुपेकर, शैलेन्द्र भाटिया, हर्षिता रॉय, रिया करड़वाल, अंकिता गोंदिया, सेजल डागर, वैभवी राठौड़, मयंक शुक्ला, कांतिलाल जाधव, विजय दुबे आदि ने बेहतर खेल के लिए हर्ष व्यक्त कर पूर्वी को शुभकामनाएं दीं।

## नज़रों पर पहरे लगा बैठ गयी है शाम : अशोक रक्ताले



विनय उजाला


**उज्जैन, निप्र।** डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में ग़ज़लांजलि की काव्य–गोष्ठी आयोजित की गई। दीप प्रज्वलन पश्चात गोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए अवधेश वर्मा नीर द्वारा मानव लक्ष्य को केन्द्रित कर मानव जीवन मिलता प्रभु से, सबको कोई उद्देश्य है पढ़ी गयी। अशोक रक्ताले ने सामयिक दोहे पढ़े नज़रों पर पहरा लगा बैठ गयी है शाम, समय हुआ है धुन्ध का, होने लगा जुकाम। गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए विनोद काबरा ने कुछ क्षणिकाएँ पढ़ीं न हो कभी मिथ्या अभिमान, बुद्धिमानी के साथ रहे सावधान। डॉ. आर.पी. तिवारी ने भगवान् श्रीराम के होने के महत्त्व पर अपनी गीत रचना पढ़ी अकथ अपरिमित प्रेम भारत और लखन–सा त्याग कहाँ, यह सब संभव सिर्फ वहीं पर बसते हैं श्रीराम जहाँ। दिलीप जैन ने ग़ज़ल जब थी आशा मिली निराशा, जीवन कैसा खेल तमाशा सुनायी तो कवि सत्यनारायण सत्येन्द्र ने अपनी लघु रचना हर व्यक्ति का अपना संसार होता है, उसी में वह जीता है उसी में मरता है पढ़ी। डॉ. अक्षय चवरे ने जीवन एक कहानी है युग–युग से जिसकी एक कथा हँसते होठों पसे भरी व्यथा कविता पढ़ी। डॉ. अखिलेश चौरे ने ग़ज़ल अरसे बाद मिले हो भाई, चुप न रहो कुछ तो बोलो सुनायी तो वही शायर आरिफ़ अफ़ज़ल ने कुछ अशआर सुनाए अजीब सा उसे कोई मर्ज हो गया है, अच्छा भला शख्स खुदगज़ हो गया है। आज की गोष्ठी के समापन पर डॉ. विजय सुखवानी ने आभार व्यक्त किया।

---

सिद्धोदय सिद्धक्षेत्र में हुआ निर्यापक श्रमण वीरसागरजी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह: हरदा के आलोक-स्वीटी बड़जात्या को मिला मुनिश्री की पुरानी पिच्छिका लेने का

# मुनिश्री बोले : धर्म के मार्ग पर जो संयम के साथ चल सके वही धारण कर सकता है पिच्छिका

अनिल उपाध्याय





**खातेगांव। सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र नेमावर में चातुर्मासरत निर्यापक श्रमण मुनिश्री वीरसागरजी महाराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह रविवार को हुआ।**

पंचबालयति जिनालय परिसर में देश भर से बड़ी संख्या में आए भक्तों के बीच मुनिश्री वीरसागर जी ने संबोधित करते हुए कहा कि मयूर पंख से निर्मित ये पिच्छिका संयम का प्रतीक है।

जो संयम धारण कर सकता है, वो पिच्छिका ग्रहण करने का पात्र है। पिच्छिका लेना कठिन कार्य है, जो धर्म के मार्ग पर संयम पूर्वक चल सके वही यह संयम का उपकरण मयूर पिच्छिका धारण कर सकता है।

इसके पूर्व हुए नाटिका–नृत्यों एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जैन धर्म की प्रभावना और सिद्धोदय तीर्थ का महत्व बताया गया। मुनिश्री के साथ नेमावर में चातुर्मास करने वाले 8 क्षुल्लक महाराजों को नवीन मृदु वस्त्र भेंट किए गए।

जिनका सौभाग्य अलग–अलग जगह से आए श्रावक श्रेष्ठियों को मिला। मुनिश्री को नवीन पिच्छिका देने का सौभाग्य सपत्नीक बसंत जैन मुंबई, वैभव जैन पुणे, सुशील काला खातेगांव व राहुल गंगवाल हरदा को मिला। वहीं मुनिश्री की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य हरदा के आलोक स्वीटी बड़जात्या को प्राप्त हुआ। ट्रस्ट कमेटी की ओर से सभी श्रावक श्रेष्ठियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम ब्रह्मचारी मुकेश भैयाजी, शैलू भैयाजी और चित्रूप भैयाजी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी पुनीत जैन, राजीव जैन ने बताया कि आयोजन में हरदा, खातेगांव, टिमरनी, बानापुरा, अजनास, खिरकिया, संदलपुर, सतवास, कन्नौद, हरणगांव के साथ ही आसपास के क्षेत्र के जैन समाज जन मौजूद रहे।निश्री बोले– धर्म के मार्ग पर जो संयम के साथ चल सके वही धारण कर सकता है पिच्छिका सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र नेमावर में चातुर्मासरत निर्यापक श्रमण मुनिश्री वीरसागरजी महाराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह रविवार को हुआ। पंचबालयति जिनालय परिसर में देश भर से बड़ी संख्या में आए भक्तों के बीच मुनिश्री वीरसागर जी ने संबोधित करते हुए कहा कि मयूर पंख से निर्मित ये पिच्छिका संयम का प्रतीक है। जो संयम धारण कर सकता है, वो पिच्छिका ग्रहण करने का पात्र है। पिच्छिका लेना कठिन कार्य है, जो धर्म के मार्ग पर संयम पूर्वक चल सके वही यह संयम का उपकरण मयूर पिच्छिका धारण कर सकता है।

इसके पूर्व हुए नाटिका–नृत्यों एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जैन धर्म की प्रभावना और सिद्धोदय तीर्थ का महत्व बताया गया। मुनिश्री के साथ नेमावर में चातुर्मास करने वाले 8 क्षुल्लक महाराजों को नवीन मृदु वस्त्र भेंट किए गए।

जिनका सौभाग्य अलग–अलग जगह से आए श्रावक श्रेष्ठियों को मिला। मुनिश्री को नवीन पिच्छिका देने का सौभाग्य सपत्नीक बसंत जैन मुंबई, वैभव जैन पुणे, सुशील काला खातेगांव व राहुल गंगवाल हरदा को मिला। वहीं मुनिश्री की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य हरदा के आलोक स्वीटी बड़जात्या को प्राप्त हुआ। ट्रस्ट कमेटी की ओर से सभी श्रावक श्रेष्ठियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम ब्रह्मचारी मुकेश भैयाजी, शैलू भैयाजी और चित्रूप भैयाजी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

---

## भैया, बहनों के लिए घर से विद्यालय की दूरी अब नहीं बनेगी बाधा : विधायक

राजू बैरागी



**नरसिंहगढ़।** शनिवार को जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहगढ़ में शासन की महत्वाकांक्षी योजना निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम जनपद शिक्षा केंद्र व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संयुक्त रूप से किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा थे उन्होंने कहा कि अब विद्यालय से दूरी विद्यार्थियों के लिए बाधा नहीं होगी। शासन ने अन्य गांव में उच्च शिक्षा अध्ययन जाने वाले बच्चों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण की योजना संचालित की हुई है।

कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती की पूजन से हुआ तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया इसके बाद अपने उद्बोधन में जनपद शिक्षा केंद्र समन्वयक सुरेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन की विभिन्न योजनाएं संचालित है इनमें अधिकांश में नरसिंहगढ़ विकासखंड की स्थिति मध्य प्रदेश में बहुत बेहतर स्थिति में है। नेशनल अचीवमेंट सर्वेक्षण में नरसिंहगढ़ विकासखंड पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

ब्लॉक की स्थिति क्या है निशुल्क साइकिल वितरण के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में जब कोई बच्चा एक साइकिल ले आता था तो सभी मोहल्ले वाले और साथि से देखने के लिए आते थे नेशनल अचीवमेंट सर्वे में नरसिंहगढ़ ब्लॉक पिछले 64 दिनों से प्रदेश में प्रथम चल रहा है।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीएल वर्मा ने बताया कि साइकिल को वितरण के लिए तैयार करने का कार्य हमारे परिसर में ही हम करवा रहे हैं ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके इसके बाद विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं छात्र–छात्राओं के लिए हितकारी चलाई जा रही हैं और आप सबको इसका लाभ भी लेना है लेकिन आवश्यकता इस बात की भी है कि आप इतनी सुविधा उपलब्ध कराने पर अच्छी तरह से पढ़ाई करें और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करें कार्यक्रम का संचालन महेश राठौर द्वारा किया गया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र राठौर भारत झवर राजेंद्र उपाध्याय मनोज जड़िया राजेंद्र अशर्मा देवेंद्र परमार कपिल वेद रिंकू जाट राहुल शिवहरे दिलीप शर्मा मनोज जड़िया एवं जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहगढ़ से गिरिराज भंडारी महेंद्र शर्मा श्यामलाल चौधरी रामबाबू शर्मा चक्रेश गजभिए नरेंद्र मिश्रा लोकेंद्र महावर नेशनल अचीवमेंट सर्वे के ब्लॉक फरवरी योगेश कुमार शुक्ला धन्ना लाल वर्मा राजेश यादव लोकेंद्र खटाना जन शिक्षक जीवन चौहान गणेश शंकर प्रगति शर्मा मनीष सक्सेना और प्रदीप मेवाड़े आदि का उपस्थित रहे।

## नवयुवक परिषद् नागदा के नवीन अध्यक्ष की नियुक्ती



विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् शाखा नागदा के नवीन अध्यक्ष दिलीप कोठारी (गांधी) की नियुक्ती आज श्री राजेन्द्र सूरि जैन दादावाड़ी परिसर मे श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष राजेश जी धाकड की अध्यक्षा व परिषद् के राष्ट्रीय मिडीया प्रभारी व प्रचार मंत्री ब्रजेश बोहरा एंव परिषद प्रदेश मंत्री दिलीप ओरा के नेतृत्व मे किया गया।

नवयुवक परिषद नागदा के पुर्व अध्यक्ष मनोज वागरेचा ने नवीन अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी सदस्यो ने सर्वानुमति से सहमति देकर व वरिष्ठो ने माला पहनाकर बहुमान किया। नवीन अध्यक्ष के मनोनित से परिषद परिवार मे हर्ष की लहर के साथ बधाई देने वालो का तातां लगा रहा ।इस अवसर पर विशेष रूप से परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों मे मनोज ओरा मुकेश बोहरा, निलेश पगारिया, सुभाष गेलडा, चन्दशेखर नागदा , आयुष बोहरा, सुशील सकलेचा ,रूपेश गेलडा, बन्टी गेलडा, भूपेन्द्र लुणावत, पकंज बोहरा, दिनेश चोरडिया, महेन्द्र बोहरा व अभिषेक कोलन आदि की उपस्थिती रही। अभय बोहरा ने सभी का आभार माना।

---

धार्मिक कार्यों में पहुंचे कृषि मंत्री कंसाना सहित तीन विधायक

## मंत्री ने क्षेत्र की जनता को दिलाया विश्वास नही आने दूंगा खाद बीज की समस्या





**खातेगांव, निप्र।** सतवास नगर में चुनाव के बाद पहली बार पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना,मंत्री कंसाना का चुनाव के बाद यह पहला दौरा था जहां पर उनके साथ तीन विधायक भी शामिल रहे! कृषि मंत्री का नगर सतवास सहित ग्रामीण अंचलों में जगह–जगह मंच लगाकर खाद बीज व्यापारी एसोसियेशन और समाज के लोगो द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया! मंत्री कंसाना सहित बागली विधायक मुरली भानवारा, मांधाता विधायक नारायण पटेल,खातेगांव कन्नौद विधायक पंडित आशीष शर्मा ने बामनी एवं सतवास में व्यासपीठ और परचरी के दर्शन कर मंदिर के सहयोग निर्माण के लिए लाखों रुपयों की घोषणा की! वही कृषि मंत्री ने किसानों को खाद की कमी और किसान संबंधित अन्य समस्या का जल्द ही निराकरण करने की बात करते हुए क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि में खाद बीज के साथ किसानों को किसी भी प्रकार समस्या नहीं आने दूंगा।

### अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में अनेक निर्णय हुए

**नागदा जं, निप्र।** अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा की साधारण सभा एवं निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णु प्रसाद जी चौधरी एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह जी चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।बैठक में निर्णय हुआ कि तीन वर्षीय निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान दिनांक 18 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक रहेगा इसके प्रभारी राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे।नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन दिनांक 14 दिसंबर 2024 शनिवार को प्रात: 10 :00 बजे से दोपहर 12 :00 बजे तक स्थान पुष्प गिरि सोनकच्छ देवास में संपन्न होंगे।यह जानकारी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ प्रभु चौधरी ने देते हुए बताया कि महासभा के सदस्य पूर्व एवं नवीन सभी को रू 1000 अनिवार्य रूप से जमा करना है।

## पुलिस द्वारा ग्राम मगरादेह में दी गई गाँजे की अवैध खेती पर दबिश

246 किलोग्राम गाँजा कीमती 24 लाख 60 हजार रूपये ज़ब्त, दो आरोपी गिरफ़्तार





**खातेगांव, निप्र। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की जानकारी प्राप्त कर 15 नवंबर से लगातार प्रभावी कार्यवाही की गई है।**

थाना उदयनगर पुलिस को मुखबिर कि सूचना पर ग्राम मगरादेह में कपास कि फसल के बीच में गाँजे के पौधे बड़ी संख्या में लगाकर अवैध खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आकाश भूरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सुश्री सृष्टी भार्गव एवं थाना प्रभारी उदयनगर बीडी बीरा के नेतृत्व में टीम बना कर सूचना के आधार पर बताये गये स्थान पर दबिश दी गई ।पुलिस कार्यवाही में आरोपी रामा पिता रूमाल कन्नौज एवं चमन पिता रूमाल कन्नौज निवासी मगरादेह के खेत से गाँजे के क़रीब 100 पौधे ज़ब्त किए गए। जिनका वज़न क़रीब 246 किलोग्राम एवं क़ीमत क़रीब 24 लाख 60 हजार है। उल्लेखनीय है कि मादक पदार्थों के विरुद्ध उदयनगर थाना प्रभारी बी डी बीरा की यह दो दिन में लगातार दूसरी बड़ी कार्यवाही है।

---

दीपावली मंगल मिलन समारोह में संतों का आगमन होगा...

# भैंसायागढा में दीपावली मंगल मिलन समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय होंगे शामिल : विधायक घनश्याम चंद्रवंशी

लखन सिंह चन्देल





**कालापीपल।** कालापीपल विधानसभा के ग्राम भैसायागढा में 19 नवंबर 2024 को दीपावली मंगल मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भाजपा सरकार के नगरीय विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल होंगे, साथ ही संत श्री पूज्य महामंडलेश्वर श्री केशवदास महाराज (श्रीराम जानकी आश्रम सरदार नगर) पूज्य महामंडलेश्वर महंत रघुनाथदास महाराज (राघवेंद आश्रम छापरी) पूज्य महंत शंकरपुरी महाराज(काशी अनपूर्णा मठ) पूज्यनीय विनोद नागर (गोविंद जाने) (मालव माटी के संत) पूज्यनीय गुरुदेव बाबा रामदेव सेवक (टिकोन धाम) पूज्यनीय महंत तिलकदास महाराज (अरनिया कला) प्रसिद्ध राम कथा वाचक पूज्यनीय श्यामस्वरूप मनावत (मानस मर्मज्ञ) दीपावली मंगल मिलन समारोह में शामिल होंगे। हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 19 नवम्बर 2024 को दीपावली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई संत सहित जिले भर से गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली मंगल मिलन समारोह में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा। ग्राम भैंसायागढ़ा पहुंचकर दीपावली मिलन समारोह के लिए आगामी तैयारी को लेकर सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के सरपंच प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वह सभी क्षेत्र वासियों से अपील है कि दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीड से बाइक बाहर निकालने की बात पर मारपीट



**शाजापुर, निप्र।** बाइक बाहर निकालने की बात पर ग्रीड ऑपरेटर के साथ चार आरोपियों ने एकमत होकर मारपीट करदी। घटना में घायल कर्मचारी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम सुंदरसी ग्रीड पर काम करने वाले नरेंद्र मेवाड़ा ने बताया कि गांव के कुछ लोग बिजली संबंधित शिकायत करने ग्रीड पर आए थे। इस दौरान आरोपियों ने ग्रीड के अंदर बाइक को खड़ा कर दिया था। खतरा होने की वजह से बाइक को अंदर खड़ा करने से मना किया और बाइक को स्वयं ही बाहर निकालने लगा ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो, तभी आरोपियों ने एकमत होकर मारपीट करना शुरू कर दिया। घायल होने पर नरेंद्र को सुंदरसी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया गया। फिलहाल घायल का शाजापुर जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

**शाजापुर, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर के मार्गदर्शन में आगामी 14 दिसम्बर 2024 शनिवार को जिला शाजापुर में वर्ष 2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण प्री लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा।

### श्रीमंत तुकोजीराव पवार को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**देवास, निप्र।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय श्रीमंत तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर स्थानीय सयाजी द्वार पर स्थित उनकी प्रतिमा पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महाराज श्रीमंत विक्रम सिंह पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, देवास जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया, पार्षद राहुल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, रुपेश वर्मा, मुकेश मोदी, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, पूर्व पा.पु.नि. अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भरत चौधरी, रामेश्वर दायमा आदि ने महाराज का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# देवास के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## देवास-इंदौर-उज्जैन-धार को मिलाकर महानगर बनाने से देवास को सबसे ज्यादा लाभ होगा

विनय उजाला

**देवास, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवास में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में 9 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एथलेटिक्स ट्रेक का वर्चुअल भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देवास के खिलाड़ी अलग-अलग खेलों में उपलब्धि हासिल कर रहे है।**

देवास के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम और तुकोजीराव पवार स्टेडियम है, जिसका देवास के खिलाडियों को लाभ मिल रहा है। खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं मिले इसलिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। देवास-इंदौर-उज्जैन-धार को मिलाकर महानगर बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे सबसे ज्यादा लाभ देवास को होगा। देवास के विकास के लिए देवास के चारों ओर फोर लाइन सड़के बनाई जा रही है।

### पवार ने देवास के लिए बहुत कुछ किया...

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्वर्गीय तुकोजीराव पवार को याद करते हुए कहा कि उनकी जन्म जयंती पर देवास के खिलाडियों को इतनी बड़ी सौगात मिल रही है। स्वर्गीय तुकोजीराव पवार ने देवास के विकास के लिए बहुत से कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने देवास विधायक गायत्री राजे पवार की एथलेटिक्स ट्रेक के दोनो ओर पवेलियन की मांग पर कलेक्टर को सीएसआर फंड से पवेलियन कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा की देवास के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोडी जायेगी और भी कुछ आवश्यकता होगी तो प्रदेश सरकार उसको पूर्ण करेगी।

### खिलाडियों के लिए आज बड़ा दिन...

देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि आज देवास के खिलाडियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। आज देवास के खिलाड़ियों को एथलेटिक ट्रैक की सौगात मिल रही है। एथलेटिक ट्रैक की मांग बहुत लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने देवास के सैकड़ो खिलाड़ियों की तरफ से मुख्यमंत्री डॉ यादव को धन्यवाद दिया और विधायक श्रीमती पवार ने एथलेटिक्स ट्रेक के दोनों ओर पवेलियन बनाने की मांग भी की।









### 44 लाख की लागत से होगा निर्माण...

विधायक पवार ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में 400 मीटर का 8 लेन एथलेटिक्स ट्रेक का 9 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से निर्माण होगा। जिसमें 9 करोड़ 18 लाख रूपये से ट्रेक निर्माण होगा और 26 लाख रूपये के जिम उपकरण शामिल है।

# 2 करोड़ 58 लाख रुपए से अधिक की राशि से हुआ था डामरीकरण... अब सड़कों के नाम पर गड्ढे और चुरी बची

## पेंचवर्क की निगरानी नहीं होने से बनते ये हालत, ठेकेदार को नोटिस जारी करके खत्म हो जाती जिम्मेदारी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** शहर के वार्डों की सडकों की हालत खराब हैं.सडक के नाम पर बिखरती चुरी और गडढे बचे, हुए हैं। ये हर साल की कहानी बन चुकी हैं। ठीक बारिश के पहले सड़कों का डामरीकरण का काम लगाया जाता है और बारिश के बाद वही सडक बिखरकर अलग हो जाती हैं।

नगर निगम के जिम्मेदार सारा दोष ठेकेदार के ऊपर डालकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाते हैं। सवाल यह है कि इतनी खराब सडक बनती ही क्यों है जो एक बारिश का सीजन भी नहीं झेल पाती। दूसरा सवाल यह भी कि अगर बारिश के बाद सडक उखडनी ही है तो फिर बारिश के पहले डामरीकरण का काम क्यो शुरू करवाया जाता है, अगर यही सडके बारिश के बाद बनती तो कम से कम सालभर तो चल जाती। नगर निगम ने शहर के 45 वार्डों में ठीक बारिश से पहले सडक का काम शुरू करवाया था। इन सडकों को मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत निर्मित कराया गया था। सडक निर्माण के सात माह बाद सडक के नाम पर गडढे बचे हैं। जानकारी के अनुसार करीब दो करोड 58 लाख 61 हजार रुपए की लागत से शहर के अलग अलग वार्डों में 24 से अधिक सडकों का डामरीरण किया गया था। अब इनमें से अधिकांश सडक की चुरी बिखर चुकी है और सडक पर गड्ढे हो गए है।



### क्या हैं मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना जिसमें सडकों को सुधारा गया...

इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों के भीतर आने वाले क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास और सुधार किया जाता हैं, विशेषकर पर्यटन और धार्मिक महत्व के नगरों में अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस योजना में सड़क, शहरी यातायात, नगर को सुंदर बनाने, सामाजिक अधोसंरचना विकसित करने, उद्यान, धरोहर संरक्षण तथा पर्यटन संबंधी नवीन योजनाएं ली जाती हैं। नगरीय निकाय को इस योजना में राशि दी जाती हैं, उन्हें चरणों में समयबद्ध नगरीय सुधार कार्यक्रम लागू करना होता हैं। योजना का वित्तीय ढांचा इस प्रकार का होता है कि राज्य सरकार योजना की लागत का 30 प्रतिशत अनुदान देती है और 70 प्रतिशत राशि निकायों को ऋण के रूप में उपलब्ध करवाई जाती है। ऋण राशि और ब्याज की अदायगी 15 से 20 वर्ष की अवधि में शासन द्वारा तथा शेष 25 प्रतिशत राशि निकाय द्वारा की जाएगी।

**इनका कहना...**

**सुधारने के निर्देश दिए...**

एक सप्ताह पहले ही खराब सडकों को सुधरवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। खराब सडकों के पेंचवर्क का काम शुरू हो गया हैं। ये काम ठेकेदार को ही पूरा करना है इसमें नगर निगम की अलग से कोई राशि नहीं लगेगी। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को सडक सुधारकर देना हैं। अफसरों से कहा था कि ठेकेदारों को नोटिस जारी करे ताकि काम जल्द शुरू हो सके।

-गीता दुर्गेश अग्रवाल, महापौर, नगर निगम देवास

**डामरीकरण का काम शुरू हो गया...**

शहर के विभिन्न वार्डों की सडकों पर डामरीकरण का काम शुरू हो गया हैं। ऐसी खराब पांच सडकें थी जिनका डामरीकरण बारिश में उखड गया था। ठेकेदार ने अब काम शुरू कर दिया है।

-सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री, नगर निगम देवास

# साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों को बढ़ावा देने वनमाली सृजन केंद्र का उद्घाटन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लालघाटी शाजापुर पर वनमाली सृजन केंद्र का उद्घाटन डॉ जगदीश भावसार, बीकेएसएन कॉलेज प्राचार्य डॉ बीएस विभूति, कवियित्री संतोष शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी, कवि जितेंद्र देवातवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया।

वनमाली सृजन पीठ द्वारा सुदूर ग्राम्यांचल एवं कस्बों के कला, साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों को बढ़ावा देने में निरंतर सक्रिय वनमाली सृजन केन्द्रों की स्थापना जिले में की गई है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को उभारने और राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें प्रस्तुत करने की कोशिश की जाएगी। वनमाली सृजन पीठ वनमाली की लेखन यात्रा से प्रेरित है जो साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है। ग्रामीण रचनाकारों को शहरी रचनाकारों के समान ही अवसर मिलना चाहिए, इस मूल अवधारणा पर आधारित यह उपक्रम सभाएं, चर्चाएं और अन्य साहित्यिक प्रवचन आयोजित करता है। वनमाली सृजन केंद्र शाजापुर इकाई संयोजक भरत चतुर्वेदी ने बताया कि अतिथियों के द्वारा केंद्र पर रखी पुस्तकों का अवलोकन किया गया। साथ ही अतिथियों के द्वारा साहित्य संस्कृति कला एवं लोक गीत लोक कलाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया और वनमाली कथा पुस्तक का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। आभार केंद्र की खुशबू भावसार ने माना।



### पेंटर वेलफेयर एसोसिएशन समिति का दीपावली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित



**शाजापुर, निप्र।** पेंटर वेलफेयर एसोसिएशन समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक बस स्टैंड के समीप निजी होटल में एसोसिएशन अध्यक्ष राजू पठान के नेतृत्व में चले समारोह व कवि सम्मेलन में 120 से अधिक पेंटर शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड थाना प्रभारी अवधेश कुमार शेषा थे। वहीं धार जिले से आई कवित्री अनिता आनंद तथा अन्य कवियों के द्वारा शानदार कविताओं की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के बीच में मिलन समारोह में आए सभी अतिथियों एवं पेंटरों को गिफ्ट भी बांटे गए। कार्यक्रम शुरू होने के बाद मंच पर मौजूद पेंटर वेलफेयर एसोसिएशन समिति के संरक्षक हनीफ मंसूरी, शिवम नायक का अध्यक्ष राजू पठान ने साफा एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद अनुराग सिसोदिया अन्नु का समिति सदस्य अनूप कछावा, राहुल गोठी का मीडिया प्रभारी आमीन पठान ने साफा तथा पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही रविंद्र पाटीदार, निखिल जैन, पिंटू बाबा, रईस शेख, शाहरुख पेंटर आदि का सम्मान हुआ।

# जंगली जानवरों से बचाव... स्वच्छता मिशन को बढ़ाने पर बच्चों ने बनाए मॉडल

### विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के क्रम में 16नवंबर को टोंकखुर्द जनपद शिक्षा केन्द्र में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी सुनील कुमावत, बीएसी कमल सिंह टांक, धर्मेंद्र सिंह सेंगर, मनोज बैरागी, रामलखन चौहान, सुनील पटेल थे। प्रदर्शनी में जनशिक्षा केंद्र से चयनित विद्यार्थियों द्वारा अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ सहभागिता की गई, जिनमें विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवम पर्यावरण विषय से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए गए। मानव अंग, जल संशोधन, स्वच्छता मिशन, पर्यावरण बचाओ, कोण, आकार, जल चक्र, जंगली जानवरों से बचाव हेतु फटाका बंदूक जैसे शानदार मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अतिथिजनों ने कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जाग्रत करने एवं बच्चों में जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण, के प्रति जागरूकता हेतु इस प्रकार के आयोजन होना आवश्यक है। निर्णायक मंडल में, मुकेश गोयल, बिसन सिंह तोमर, राकेश मुजाल्दे, ब्रजेन्द्र सिंह कटोरिया, मंजू अमझेरिया, सीमा धाकड़, नेमीचंद पटेल जैसे विषय शिक्षक शामिल थे। संचालन हजारी लाल चौहान जनशिक्षक ने किया। आभार दिनेश व्यास जनशिक्षक ने माना। कार्यक्रम में जनशिक्षक उमेश सिंह खिंची, राजेश वर्मा, सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम राणा, राजेश पटेल, मोहन मंडलोई, कन्या शाला से मुकेश धाकड़, सुरेंद्र पटेल, ठाकुर प्रसाद बिलावलिया का भी विशेष सहयोग रहा।



## संगोष्ठी तथा पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# वर्तमान संदर्भ में प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून आवश्यक : डॉ. सैयद खालिद कैस

विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र। राष्ट्रीय पत्रकार दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के द्वारा 9 मसाला भोपाल में वर्तमान संदर्भ में निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका एंव संरक्षण की आवश्यकता विषय पर पत्रकार संगोष्ठी एंव पत्रकार सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के अलावा दिल्ली, तेलंगाना से भी पत्रकारों ने शिरकत की।**

गौरतलब हो कि आईएएस तरुण भटनागर, उप सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन, आईपीएस पंकज श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय मुख्यालय भोपाल,पूर्व न्यायधीश विजय कुमार चौधरी को चेयरमैन स्टेट बार कौंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के आतिथ्य में संपन्न इस कार्यक्रम संगठन के अलावा अन्य पत्रकार संगठनों से जुड़े पदाधिकारियो एवं सदस्यों का शील्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक संगठन सचिव महफूज खान ने सर्वप्रथम अतिथियों का शाल, श्री फल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पत्रकार संगोष्ठी तथा पत्रकार सम्मान समारोह में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद खालिद कैस ने कहा कि प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए स्थापना की गई ।उन्होंने कहा कि यदि कोई भ्रष्टाचार उजागर करता है तो उसके खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज कर हमले किए जाते हैं जो घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सम्पूर्ण भारत में हो। उन्होंने कहा कि भारत सरकार गृह मंत्रालय ने पत्रकार सुरक्षा के लिए 2017 में एक गाइड लाइन तय की गई थी परन्तु केन्द्र शासित प्रदेश सहित समस्त प्रदेश सरकारों पत्रकारो की सुरक्षा में असफल साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारो की सुरक्षा के साथ साथ उसको आर्थिक, शैक्षणिक विकास के लिए नीति तय करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद खालिद कैस ने कहा कि सरकार अधिमान्यता के नियम शिथिल कर पत्रकारिता के क्षेत्र में लगें साथीयों की अधिमान्यता की जाएं। पत्रकारों को आयुषमान योजना से जोड़ा जाए।



इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस डीसीपी पंकज श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन कहा पुलिस और पत्रकार का चोली-दामन का साथ है और दोनो का आपसी तालमेल बहुत ज़रूरी है तभी समाज में होने वाले हर तरह के भ्र्ष्टाचार, काला बाज़ारी और अन्य अपराध रुकेंगे। अतिरिक्त पुलिस डीसीपी भोपाल पंकज श्रीवास्तव ने आगे कहा की पत्रकार कई मर्तबा ऐसे अपराधों को उजागर करता है जिसकी भनक पुलिस को भी नही होती है और समाज मे होने वाले अपराध को उजागर करने की वजह से अपराधी और दबंग लोग पत्रकारों की जान के दुश्मन बन जाते है ऐसे में पुलिस का ये दायित्व बनता है की पुलिस पत्रकारों को प्रोटेक्शन दे। और इसी के साथ पत्रकारिता में कुछ ऐसे लोग आ गए है जिसका पत्रकारिता से कोई वास्ता नही है वो सिर्फ अपने फायदे के लिए पत्रकारिता की आड़ में अपने काले धंधे चला रहे है और अपराधों में लिप्त होकर पैसा वसूली कर रहे है हमे ऐसे लोगो को पत्रकारिता से बाहर करना होगा। पूर्व न्यायधीश श्री विजय कुमार चौधरी को चेयरमैन स्टेट बार कौंसिल ऑफ मध्य प्रदेश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारों को संगठित होने पर बल दिया ।उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र खनूजा पिंकी भाई ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। वर्तमान संदर्भ में निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका एंव संरक्षण की आवश्यकता विषय पर पत्रकार संगोष्ठी एंव पत्रकार सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली धार सुनील योगी देवास, हाजी मुईन खान जबलपुर, सैयद अखलाक अली धार, मुईन अख़्तर खान हरदा सहित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद खालिद कैस ने संबोधित किया। संगठन द्वारा इस अवसर पर शशि दीप मुंबई,गजेंद्र खनूजा( पिंकी भाई,)सैयद रिज़वान अली,अखलाक अली, मीर मोहम्मद अली सहित मोहम्मद शिराज को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवास, जबलपुर, हरदा ,इंदौर ,शाजापुर, बैतूल ,अलीराजपुर, सागर, नर्मदापुरम ,धार ,छतरपुर ,रायसेन ,राजगढ़ ,अनूपपुर के वरिष्ठ पत्रकार शामिल रहे। पत्रकार संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह में सैयद रिजवान अली , सैयद अखलाक अली हाजी मुईन खान ,नर्मदा पटेल , तरूण सिलावट, मुईन अख्तर खान , भगवान सिंह राजपूत , नीरज सिंह भदौरिया, नारायण नामदेव ,भगवानदास सेन ,तनवीर कुरैशी,शमा तनवीर,अब्दुल ताहिर, शाहाब मालिक अल्ताफ खान राजू देवड़ा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सचिव महफूज खान व्दारा व्यक्त किया गया।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के धुले जिले के शिंदखेड़ा में जनसभा एवं छत्रपति संभाजी नगर जिले के पैठानगेट में आयोजित सामाजिक बैठक में किया संवाद**

# धर्म और सनातन संस्कृति की बातों से कांग्रेसियों की छाती पर सांप लोटते है : डॉ. मोहन यादव

विनय उजाला

**भोपाल/मुम्बई, निप्र। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को महाराष्ट्र के धुले जिले के शिंदखेड़ा विधानसभा में प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा एवं छत्रपति संभाजी नगर जिले के छत्रपति संभाजी नगर मध्य विधानसभा के यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित सामाजिक बैठक में संवाद करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार छत्रपति शिवाजी का सपना साकार करने के साथ सनातन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।**









महाराष्ट्र का विकास अनवरत होता रहे, इसके लिए यहां महायुति गठबंधन की सरकार बनाएं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से दिक्कत है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारा। हम धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। हम जब भी धर्म और अपनी सनातन संस्कृति की बातें करते हैं, तो कांग्रेसियों की छाती पर सांप लोट जाता है। स्वर्गीय बाबा साहब ठाकरे जी ने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के उत्थान के लिए लगाया और अब उनके नाम पर राजनीति करने वाले सत्ता की भूख में सनातन संस्कृति को ही भूल गए। सत्ता के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सनातन समाज को जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। आप सभी समझदार हैं, जातियों में बंटेंगे तो देश विरोधी ताकतें देश में और सक्रिय हो जाएंगे। हम एक हैं तो सेफ हैं।

### भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, कांग्रेस के लिए परिवार, मोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों के लिए परिवार फर्स्ट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। प्रधानमंत्री जी को कौन किस भाषा में समझता है, उसे उसी की भाषा में समझाना आता है। कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन देश में आतंकी धमाके होते थे। सीमा पर पाकिस्तान से आतंकी हरकतें होती रहती थीं। 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में धमाके होना पूरी तरह से बंद हो गए हैं। अब पाकिस्तान एक गोली चलाने को सोचता है तो उसके घर में गोला आकर गिरता है। हमारी सेना जब वीरता के नए कीर्तिमान स्थापित करती है, दुश्मन देश में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक करती है तो कांग्रेस नेता और उसके सहयोगी दल सेना से सबूत मांगकर उनका मनोबल तोड़ने का कुत्सित प्रयास करते हैं।

### भाजपा सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलती है और सभी के विकास व कल्याण के लिए कार्य करती है। भाजपा सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। भारत का कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी देश में चला जाए और कह दे कि वह भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की धरती से आया तो पूरी दुनिया के लोग पहचान जाते हैं कि यह व्यक्ति हिंदुस्तान से आया है। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार ने गोमाता को राजमाता का दर्जा दिया है तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। वह गोमाता को सम्मान देने का विरोध कर रहे हैं। 33 कोटि देवी-देवताओं के वास वाली गोमाता अपने बच्चे का पेट पालने के साथ मनुष्यों के बच्चों का पेट पालने के लिए दूध देती है। जो गोमाता का विरोध और अयोध्या में भगवान के श्रीराम के मंदिर बनने का विरोध, मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर बने, उसके लिए कुछ नहीं किया ऐसी कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाएं।

### महाराष्ट्र में बहनों को लखपति बनाने का कार्य कर रही महायुति सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाराष्ट्र ऐसा प्रदेश है, इससे देश को एक दिशा मिलती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष महाराष्ट्र का माहौल देखकर मानने लगे हैं कि यहां महायुति की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। मध्यप्रदेश में लाडली बहना योजना भाजपा सरकार ने लागू की है। महाराष्ट्र में भाजपा, एनडीए-महायुति गठबंधन ने लाडकी बहना योजना की घोषणा की है। इस योजना को लागू कर एनडीए सरकार महाराष्ट्र की बहनों को लखपति बनाने का कार्य करेगी।

### भाजपा चुनाव के समय किए गए हर वादे को पूरा करती है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति माता-बहनों का सम्मान करना सिखाती है। सनातन संस्कृति मातृ सत्ता पर आधारित है। हम धरती को माता कहकर शीश झुकाते हैं। हम अपने देश को भी माता मानते हैं। हम जय सीताराम की, जय राधेश्याम की बोलते हैं। इनमें भी पहला नाम माता सीता और राधा रानी का होता है। हम गाय को भी माता का दर्जा देते हैं, क्योंकि वह अपने बच्चों को पालती है और हमें भी पालती है। लेकिन कांग्रेस के लोगों को हमारी सनातन संस्कृति पसंद नहीं है। हम माता-बहनों के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाते हैं, उनके खाते में पैसे डालते हैं,तो कांग्रेसियों को मिर्ची लगती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसलिए ये चुनाव सिर्फ कांग्रेस और उसके सहयोगियों को सबक सिखाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये अपनी संस्कृति को बचाने का भी चुनाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली 20 तारीख को आप सभी सूर्य की पहली किरण के साथ अपने बूथ पर जाएं और कमल की बटन दबाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताएं और महायुति की सरकार बनाएं। भाजपा अपने हर चुनावी वादे को पूरा करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी मानव द्वंद प्रबंधन पर कार्यशाला



**भोपाल, निप्र।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी मानव द्वंद प्रबंधन पर रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन्यजीवों की सुरक्षा मुख्य रूप से हाथी मानव द्वंद प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञों द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में ट्रंक कॉल एनजीओ मुंबई के व्याख्याता श्री आनंद शिंदे, प्रकृति फाउंडेशन के श्री पुष्पेन्द्र द्विवेदी, वन विभाग के फील्ड डारेक्टर, उप संचालक, रेंज ऑफिसर मगधी और वनरक्षक ने वन्यजीव संरक्षण और हाथी मानव द्वंद प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन मानपुर परिक्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, हाथी मित्र और ग्राम लोग उर्दाना, छपड़ोड, देवरी, बलहोड, माला, मचखेता, मढौ, गुरुवाही, डोभा, नेवसी, समरकोइनी के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ शावक मृत पाया गया



**भोपाल, निप्र।** फील्ड डारेक्टर पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी श्री देवा प्रसाद जे. ने बताया कि अरी बफर रेंज के कैम्प क्रमांक 188 में गश्त के दौरान कर्मचारियों को एक बाघ शावक मृत मिला। बाघ शावक के शरीर के सभी अंग सुरक्षित हैं। मृत शावक की उम्र लगभग 4 माह है। उन्होंने बताया कि सबूतों का पता लगाने के लिये कर्मचारियों और डॉग स्क्वायड द्वारा इलाके की सघन तलाशी ली जा रही है। फील्ड डारेक्टर श्री देवा प्रसाद जे. ने बताया कि बाघ शावक का पोस्ट-मार्टम एनटीसीए प्रोटोकाल के अनुसार किया जायेगा। मृत शावक के अंग नमूने हिस्टोपैथोलॉजिकल और फोरेंसिक परीक्षण के लिये भेजे जा रहे है। पीएम की रिपोर्ट आने के बाद वस्तु स्थिति की सही जानकारी प्राप्त होगी। प्रकरण की गहन विवेचना की जा रही है।

### महिलाओं की सुरक्षा, किसानों के साथ न्याय, युवाओं को नौकरी देने में नाकाम प्रदेश सरकार : अवनीश बुंदेला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने रविवार को बयान जारी कर प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि यह सरकार जहां एक और महिलाओं की सुरक्षा, किसानों को सम्मान और युवाओं को नौकरी देने में नाकाम साबित हुई है वही प्रदेश के सबसे बड़े निगम प्रशासन जहां प्रत्येक व्यक्ति को उसके जन्म से लेकर मृत्यु तक टैक्स भरकर अपना जीवन यापन करने के लिए विवश है आज हर व्यक्ति निगम की मनमानी का शिकार हो रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता बुंदेला ने कहा कि मध्य प्रदेश में जहां एक और लोगों को वाहन खरीदना अभिशाप बनता जा रहा है, वही टैक्स के साथ-साथ नगर निगम भी पार्किंग के नाम पर मनमानी वसूली कर जनता पर एक और बोझ डालकर उनकी जेब पर डांका डाल रही है। बुंदेला ने कहा कि जब हम दो पहिया या चार पहिया वाहन खरीदने हैं तो आरटीओ और रोड टैक्स के नाम पर हमसे 6 से 14 परसेंट तक की वसूली की जाती है और उसके बावजूद भोपाल नगर निगम मुगलकालीन सभ्यता की ओर अग्रसर होते हुए जजिया कर की तरह पार्किंग के नाम पर 30 से 110 रुपए तक मनमानी वसूली कर जनता के साथ अन्याय और अत्याचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अवनीश बुंदेला ने कहा कि सैकड़ा का आंकड़ा छूने वाली भोपाल नगर निगम परिषद केवल क्या नुमाइश के लिए है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं : गोविंद सिंह राजपूत

**राहतगढ़ सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री**

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र।** सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों को सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक के मंत्र सिखाए जाते हैं, जो बच्चों के जीवन में अनुशासन और संस्कार की नींव डालते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।

यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव के अवसर पर कहीं । खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर सामाजिक शिक्षण संस्थान है, जहां बच्चों के लिए शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्त, समाज के प्रति उनका दायित्व, वैदिक मंत्र उच्चारण तथा अनुशासन सहित शारीरिक आधुनिक तकनीकी शिक्षा दी जाती है। वार्षिक उत्सव में भी बच्चों द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनमें भी समाज के लिए संदेश है। ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चे देश में रहे चाहे विदेश में रहे, अपने माता-पिता अपने क्षेत्र तथा स्कूल का नाम रोशन करते हैं। मंत्री श्री राजपूत ने सरस्वती शिशु मंदिर परिवार तथा कार्यक्रम में पधारे बच्चों के अभिभावक तथा क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### 25 लाख के ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन की मांग पर 25 लाख के ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के लिए मैं हमेशा से ही समर्पित रहा हूं, क्योंकि मेरे बच्चे भी शुरुआती दौर में सरस्वती शिशु मंदिर में ही पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि और भी जो भी आवश्यकता सरस्वती शिशु मंदिर के लिए होगी उसके लिए मैं हमेशा आपके सहयोग के लिए तैयार रहूंगा। क्योंकि सरस्वती शिशु मंदिर परिवार तपस्या करके देश का भविष्य बना रहा है।

### छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की तारीफ की

छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसको लेकर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि वार्षिक उत्सव में छात्रों द्वारा सभी प्रस्तुतियां मनमोहक और संदेश देने वाली प्रस्तुतियां है। जिसके लिए उन्होंने स्कूल प्रबंधन, शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का संकल्प लिया था जिसका परिणाम है कि पूरे देश में लोग स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए हैं। वार्षिक उत्सव में एक कार्यक्रम स्वच्छता के संदेश का भी था जिससे पता चलता है कि हमारे बच्चों के लिए स्वच्छता को लेकर भी स्कूल द्वारा सजग किया जा रहा है, जिसके लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष उमाकांत सोनी, उपाध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा, सचिव अमित चौधरी एवं मंडल अध्यक्ष अमित राय, भाजपा वरिष्ठ नेता विनोद ओसवाल, विनोद कपूर, गोविंद सिंह बटयावदा, अशोक चौधरी, नेकीराम खटीक, अनिल ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का आरोप, प्रदेश में प्रशासनिक अराजकता का माहौल, सीएम की कार्यशैली पर उठाए सवाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीत पटवारी ने रविवार को अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। जीतू पटवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि 10 महीने की सरकार में 385 में से 282 अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं, जो कुल आईएएस पोस्टिंग का 74त्न है। रात के अंधेरे में लिस्ट आती है जिसमें आईएएस/आईपीएस की पोस्टिंग बिना पैसे दिए संभव नजर नहीं आती है! दलालों का बोलबाला है प्रदेश में अपरिपक्व मुखिया की वजह से प्रशासनिक अराजकता का माहौल व्याप्त है। आखिरकार मुख्यमंत्री प्रदेश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं।

जीतू पटवारी ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार में ट्रांसफर उद्योग चला रहे हैं, वल्लभ भवन अधिकारियों का दलाली का अड्डा बना लिया है । मध्य प्रदेश में प्रशासनिक माफिया है, प्रदेश में माफियाऔ की सरकार है जो आपकी कर प्रणाली को सत्यापित करता है। अंधेरों में साजिश करने वालों का हिसाब होगा । पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि हमारा विपक्ष में होने का दायित्व है कि हम जनता की आवाज उठाएं । इस तरह अंधेरों में ट्रांसफर होना यह संदेश है कि हम सरकार को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। कुछ जिले ऐसे हैं जहां पिछले साल सरकार बनने के बाद कलेक्टर नहीं बदले गए पर लगातार उन पर तलवार लटकती रही और दलाल लगे हुए हैं कि उनसे कैसे माल इकट्ठा हो। पटवारी ने अंधेरे में हुए ट्रांसफरों के कुछ उदाहरण देते हुए बताया कि 14 मार्च रात 2:00 बजे 37 आईएएस के तबादले हुए, 4 अगस्त रात्रि 12:00 बजे 4 आईपीएस के ट्रांसफर हुए, 10 अगस्त को रात 1:00 बजे आईएएस आईपीएस के तबादले हुए और आज फिर 60 आईएएस आईपीएस बदले गए, 20 अगस्त को रात 12:00 बजे 9 सीनियर आईएएस बदले गए जिसमें सुखबीर सिंह को मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया, 10 दिसंबर रात्रि 1:30 बजे तीन जिले के अधिकारियों को बदला गया, इंदौर पुलिस कमिश्नर और 3 आईपीएस बदले गए। ऐसे 68 बार अलग-अलग मोहन यादव जी ने सचिव मुख्य सचिव हटाए। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के पास अधिकारियों का टोटा है या किसी अधिकारियों का इनको भरोसा नहीं है । आखिर मुख्यमंत्री किस दिशा में प्रदेश को ले जाना चाहते हैं?

**रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा का वार्षिक समारोह कार्यक्रम संपन्न**

# पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना रामकृष्ण सेवा संस्थान : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना है रामकृष्ण सेवा संस्थान। ऐसे संस्थानों से जुड़कर मानवीय गुण जैसे करूणा, दया एवं परोपकार के भाव विकसित होते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ऐसे संस्थानों से जुड़े और भारत को विश्वगुरू बनाने में अपना योगदान दें।**

रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा के वार्षिक समारोह कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव तथा यहाँ की संस्कृति व सनातन परंपरा को विश्वपटल पर प्रदर्शित किया था। स्वामी जी की भारत के विश्वगुरू बनने की भविष्यवाणी अब साकार होती दिख रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगतिशील राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म व जाति के नाम पर देश को तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहें। विकृतियों से समाज को बचाएं। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि समृद्धि तो आए मगर विकृति न आए। इसके लिए ऐसे संस्थान ध्यान, आध्यात्म व अपनी संस्कृति की ओर ले जाने में सहायक होते हैं। उन्होंने नशा से दूर रहने के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा के रामकृष्ण सेवा संस्थान को बड़ी उपलब्धि है हासिल हुई है। अब यह संस्थान वेल्लूर मठ से जुड़ गया है, जिसका लाभ संस्थान व इस क्षेत्र को मिलेगा। अब इसका विस्तार होगा तथा अधिक से अधिक लोग जुड़कर सेवाभाव से कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर स्वामी गुणदानंद, स्वामी राघवेन्द्रानंद, स्वामी मंगलप्रदानंद तथा स्वामी पररूपानंद ने भी आशिर्वचन दिया। स्वामी आत्म श्रद्धानंद एवं स्वामी निर्विकल्पानंद जी महाराज ने रामकृष्ण संस्थान रीवा के सेवा कार्यों की प्रसंशा की। संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन प्राफेसर एनपी पाठक ने दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, प्रोफेसर पीके सरकार, सुरेन्द्रमणि त्रिपाठी, सुभाष श्रीवास्तव, डॉ पीके लखटकिया, सुब्रातमणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े प्रबुद्धजन, समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान गरीबजनों को वस्त्र वितरण भी किया गया।

### उप मुख्यमंत्री ने बीहर रिवरफ्रंट का किया निरीक्षण



**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवनिर्मित बीहर रिवर फ्रंट रीवा का निरीक्षण किया तथा शेष कार्यों को पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने रिवर फ्रंट के कुछ भागों में शेष रह गए पेवर ब्लाक लगाने के कार्य तथा साफ-सफाई और घास लगाने का कार्य कराने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 37/1, महादजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - पराग पांचाल *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, 0734-4011949, मो. 9425910888, 9424515199, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.